


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791 email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

वर्ष : 01 अंक : 196 रांची, शनिवार, 29 जून, 2024 (आषाढ़ कृष्ण 09, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये




### झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत, जमीन घोटाले के आरोप में ईडी ने किया था गिरफ्तार

# हेमंत पांच महीने बाद जेल से निकले बाहर

प्रात: नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए हाई कोर्ट से बड़ी राहत की खबर आई है। हेमंत सोरेन को बेल मिल गयी है। हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने पूर्व मुख्यमंत्री को बेल दे दी है। हाई कोर्ट में बड़गाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो गई थी। कोर्ट ने ऑर्डर सुरक्षित रख लिया था। 13 जून को जब हाईकोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी, उस वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी कोर्ट रूम में मौजूद थीं।

जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में पिछली सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन के वकील ने अपने मुवक्किल को जमानत देने की मांग की थी। लेकिन, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने इसका जोरदार विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले जमानत की अर्जी लेकर वह कई बार लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट का चक्कर काट चुके थे, लेकिन उन्हें कही से भी राहत नहीं मिल रही थी। ऐसे में ये बड़ी राहत की खबर झारखंड के पूर्व सीएम और साथ ही पार्टी के लिए भी है। बेल की खबर के साथ ही जेएमएम कार्यकताओं में खुशी की लहर दौर पड़ी है।

### घर पहुंचने पर मां ने लगाया तिलक, उतारी आरती



रांची। झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर निकले। सबसे पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेने मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास में पहुंचे। जहां घर पहुंचते ही मां रूपी सोरेन ने तिलक लगाकर और आरती उतार कर हेमंत सोरेन का स्वागत किया। इसके बाद हेमंत सोरेन ने पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद लिया और उनके साथ बैठकर बातचीत की। इस दौरान हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, भाई बसंत सोरेन और मंत्री हफीजुल हसन अंसारी समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### जेल से निकलते ही कहा : लंबी हो रही है न्याय की प्रक्रिया, मेरे खिलाफ रची गई साजिश



रांची। शुक्रवार (28 जून 2024) को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन की जेल से भी रिहाई हो गई। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें जेल भेजा गया था। झूठे और मनगढ़ंत आरोपों में उनको 5 महीने तक जेल में बंद रखा गया। कोर्ट ने आज न्याय किया है। 5 महीने बाद जेल से बाहर आया हूं। मैं इतने दिनों तक जेल में रहा, यह झारखंड के भाई-बहनों के लिए चिंता की बात है। आज पूरा देश जानता है कि मैं क्यों जेल में था। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को आज जेल में डाल दिया जा रहा है। पत्रकारों को जेल भेज दिया जाता है।

**सरकार का विरोध करने वालों को भेजा जा रहा है जेल :** झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रक्रिया लंबी हो रही है। न्याय होने में दिन, महीनों नहीं, बल्कि साल लग जा रहे हैं। जो लोग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, उनके काम को बाधित किया जा रहा है।

अब मैं जेल से बाहर हूं, झारखंड की जनता के बीच हूं : झामुमो नेता ने कहा कि मैं अब जेल से बाहर आ चुका हूं। एक बार फिर झारखंड की जनता के बीच में हूं। उन्होंने कहा कि हमने जो लड़ाई छेड़ी थी। हमने जो संकल्प लिया था, उसको मुकाम तक पहुंचाएंगे। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट फैसले पर कहा कि यह एक संदेश है। यह पूरे देश के लिए संदेश है कि कैसे मुझे इतने दिनों तक जेल में बंद रखा गया।

**कोर्ट के फैसले की समीक्षा करें पत्रकार :** हेमंत सोरेन ने बार-बार कहा कि उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने अपने आदेश में जो बातें कही हैं, पत्रकारों को जरूर पढ़ना चाहिए। उन्हें इस फैसले की समीक्षा करनी चाहिए। साथ ही जनता को इसके बारे में बताना चाहिए। वह खुद अपने मुंह से इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे। हेमंत सोरेन से आगे की रणनीति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि रणनीति बता देंगे, तो फिर आगे काम कैसे होगा।

**हाईकोर्ट ने ईडी के आग्रह को ठुकराया:** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार (28 जून) को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दे दी। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की एकल बेंच ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने ईडी की उस अपील को भी ठुकरा दिया, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील ने 72 घंटे तक रिहाई पर स्टे देने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त

### डिप्टी एनएसए विक्रम मिसरी होंगे अगले विदेश सचिव



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार 3.0 में देश को नया विदेश सचिव मिल गया है। भारत सरकार के कार्मिक विभाग ने विज्ञप्ति जारी कर डिप्टी एनएसए विक्रम मिस्री को भारत का अगला विदेश सचिव बनाने का एलान कर दिया है। कार्मिक मंत्रालय बताया कि 15 जुलाई से विक्रम मिस्त्री देश के विदेश सचिव का पदभार ग्रहण करेंगे। आदेश में कहा गया है कि, 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी मिस्री को 15 जुलाई के प्रभाव से विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। बता दें, मिस्री विनय मोहन क्वात्रा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल इस साल मार्च में छह महीने बढ़ाया गया था।

### ग्लास फैक्ट्री में विस्फोट 5 की मौत, 15 घायल

**रंगा रेड्डी।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में एक ग्लास फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, हादसा शादनगर इलाके की फैक्ट्री में हुआ। शाम करीब 5:30 बजे इस फैक्ट्री के एक टैंक में धमाका हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## सिंचाई परियोजनाएं तय समय में करें पूरी, हर खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य : चंपाई सोरेन

प्रात: नागपुरी संवाददाता, रांची

हर खेत तक पानी पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। हमारे किसान सालोंभर कृषि कार्य कर सकें, इसके लिए खेतों में पटवन की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न सिंचाई योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए उसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, अभियंता प्रमुख संजय कुमार समेत अन्य अभियंता भी मौजूद रहे।



◻ मुख्यमंत्री ने की जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाओं पर दिया विशेष जोर** : मुख्यमंत्री ने कहा कि, सिंचाई की कई आधुनिकतम तकनीकी आ गई है। इसमें मेगा लिफ्ट और भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं। झारखंड में भी भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाओं को विस्तारित किया जा रहा है। इससे फायदा है कि ना, तो जमीन अधिग्रहण की समस्या आएगी और ना ही डैम और जलाशय की वजह से गांव डूबेंगे। इसके साथ भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से एक बड़े इलाके में बिना किसी अड़चन के काफी कम समय में सिंचाई सुविधाओं को पहुंचा सकते हैं। इससे जल का भी ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग हो सकेगा।

**छोटी और लघु सिंचाई परियोजनाओं पर करें फोकस** : सीएम ने जल संसाधन विभाग से कहा कि वह छोटी सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष जोर दे। इससे खेतों में जल्द पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने में काफी ज्यादा समय लगता है।

शेष पेज 08 पर

### झारखंड के घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली

**चंपाई कैबिनेट में 40 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**रांची।** चंपाई सोरेन सरकार ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली की जगह पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की मंजूरी दी है। इसका फायदा 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा। इसकी वजह से हर महीने वित्तीय बोझ 21.7 करोड़ रुपये आयेगा। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी। इसके आलावा झारखंड कैबिनेट की बैठक में 28 जून को 40 प्रस्ताव पर मुहर लगी है।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड से गुजर रहा मॉनसून टर्फ, आज से होगी भारी बारिश

कुमार राजेश, रांची

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पूरे झारखंड में 28 जून को छा चुका है। आने वाले दिनों में ये और मजबूत होगा। बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। एक मॉनसून टर्फ उत्तर-पूर्वी राजस्थान में बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड से होकर गुजर रहा है। इसका असर झारखंड में 29 जून से देखने को मिलेगा। यह जानकारी एयरपोर्ट स्थित रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने 28 जून, 2024 को दी।

**तापमान में होगी गिरावट** : मौसम केंद्र के अनुसार अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले 2 दिन इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

**30 जून तक सभी जगह बारिश** : केंद्र के अनुसार 29 और 30 जून को राज्य में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है।



**4 जुलाई तक कई जगह बारिश** : केंद्र के अनुसार 1 से 4 जुलाई तक राज्य के कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है।

इन जिलों में भारी बारिश : केंद्र के अनुसार 29 जून को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, रांची, लोहरदगा जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं निकटवर्ती उत्तरी भागों में 30 जून को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की उम्मीद है। इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, कोडरमा जिलों में पड़ने की उम्मीद है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में 1 जुलाई को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की उम्मीद है। इसका असर साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद जिलों में देखने को मिलेगा।

## 16 साइबर अपराधियों को देवघर साइबर पुलिस ने किया गिरफ्तार

◻ 21 मोबाइल, 27 सिमकार्ड, एक एटीएम कार्ड और एक नोटबुक जब्त

देवघर। देवघर के साइबर थाने की पुलिस ने जिले के पथरड्डा ओपी क्षेत्र के सिमरा मोड़ जंगल समेत सारवां थाना के जलहरा, पाथरौल थाना क्षेत्र के टंडेरी मलमला व मधुपुर थाना क्षेत्र के केरगढ़ा गांव में छापेमारी कर 16 साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपितों के पास से 21 मोबाइल सहित 27 सिमकार्ड, एक एटीएम व एक नोटबुक जब्त किया। वहीं इनलोगों के पास प्रतिबिंब एप में अपलोड 10 मोबाइल नंबर भी मिले हैं।

सरकारी पदाधिकारी व कस्टमर अधिकारी बन करते थे ठगी : जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि सभी आरोपी फर्जी बैंक अधिकारी/कृषि पदाधिकारी व विभिन्न बैंकों सहित प्रतिष्ठानों के कस्टमर केयर अधिकारी बनकर साइबर अपराध करते हैं। इनलोगों के पास से जब्त नोटबुक में हिसाब भी लिखा हुआ है, जिसकी जांच करायी जा रही है।

### झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स में इलाज की लचर व्यवस्था पर लगाई फटकार

## प्राईवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों की मांगी सूची

**रांची।** शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने रिम्स में इलाज की लचर व्यवस्था, खराब मेडिकल उपकरण, पद रिक्त रहने व चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने रिम्स की दयनीय स्थिति पर टिप्पणी करते हुए मौखिक रूप से कहा कि, लगता है कि वर्तमान में रिम्स के जो हालात हैं, उसमें अब वह प्रीमियर संस्थान नहीं रहा।




**सीबीआई से प्राइवेट प्रैक्टिस की जांच करा सकता है कोर्ट** : रिम्स पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कभी प्रीमियर मेडिकल संस्थान था। अब रिम्स की व्यवस्था में कमियां हैं, जिसमें काफी सुधार करने की जरूरत है। खंडपीठ ने कहा कि रिम्स के कई चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। यह गंभीर मामला है। ऐसे चिकित्सकों की सूची प्रस्तुत की जाये तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो कोर्ट सीबीआई से इस मामले की जांच करा सकता है। खंडपीठ ने कहा कि समय पर रिम्स में जरूरी दवा व मेडिकल उपकरणों की खरीद व खराब उपकरणों की मरम्मत सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

शेष पेज 08 पर

## रांची में बदमाशों ने जेवर दुकान से की एक करोड़ 40 लाख की लूट




**दुकानदार को मारी गोली**

प्रात: नागपुरी संवाददाता, रांची

राजधानी रांची में अपराधी बेखौफ और बेलगाम हो गए हैं। पुलिस का भय अपराधियों में से खत्म हो गया है। तभी तो राजधानी रांची के ग्रामीण से लेकर शहरी इलाके में अपराधी तांडव मचाते दिख रहे हैं। जब जहां किसी भी वारदात को अंजाम देने में जरा भी परहेज नहीं कर रहे है। इसकी बानगी फिर रांची के बिरसा चौक पर देखने को मिली है। दिन दहाड़े डीपी ज्वेलर्स में मालिक को गोली मार कर एक करोड़ 40 लाख की लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से चलते बने।

बताया जा रहा है कि अपराधी चार की संख्या में हथियार लेकर पहुंचे थे। दुकान में पहुंचते ही सभी को गन पॉइंट पर लेकर जेवरात को बैग में भरने लगे। जब दुकानदार ने ओम वर्मा ने इसका विरोध किया, तो उन्हें गोली मार दी। गनीमत रही कि, गोली दुकानदार के हाथ में लगी। गोली चलने के बाद सभी में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते दुकान में रखे। सोने चांदी को लूटेरे बैग में भरकर निकल गए। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जगरनाथपुर थाना पुलिस और डीएसपी मौके पर पहुंच कर जांच में जुटे हैं। एफएसएल की टीम भी दुकान में पहुंच कर जांच कर रही है। आस पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगी हुई है।

हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच जारी है। सभी चेक नाका को ब्लॉक कर चेकिंग की जा रही है। किसी भी कीमत पर अपराधी निकल नहीं पाएंगे।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सड़क से लेकर सदन तक हंगामा

एजेंसियां, नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश में बवाल छिड़ा है। सदन से सड़क तक हंगामा हो रहा है। शुक्रवार को इस मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा हुआ, शोरगुल के कारण लोकसभा कार्यवाही स्थगित कर देनी पड़ी। विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार चर्चा की मांग कर रहा है। वहीं संसद में विपक्षी सांसदों के विरोध पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सदन में सरकार हर तरह की चर्चा के लिए तैयार है। चर्चा की मांग के बीच केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बड़ा बयान सामने आया है। प्रधान ने कहा कि जब राष्ट्रपति ने खुद अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की यह सरकार की मंशा को दर्शाता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं।

◻ विपक्ष की मांग पर बोले धर्मेंद्र प्रधान- सरकार पक्ष रखने को तैयार



**देश के युवाओं के प्रति सरकार की जिम्मेदारी** : केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं के प्रति है, देश के छात्रों के प्रति है। उन्होंने कहा कि सरकार अपना पक्ष रखने के लिए तैयार है, फिर क्या क्या भ्रम है?। उन्होंने कहा कि हम सख्त से सख्त कार्रवाई करने जा रहे हैं और सभी को सीबीआई पकड़ने जा रही है, हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। सुधार के लिए एक विश्वसनीय उच्च स्तरीय समिति भी बनाई गई है, उन सभी परीक्षाओं की तारीख जल्द ही आ जाएगी की भी घोषणा की जाएगी।

शेष पेज 08 पर

## सीबीआई ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल को किया गिरफ्तार

◻ नीट-यूजी पेपर लीक मामले में की बड़ी कार्रवाई

**हजारीबाग।** बड़ी खबर झारखंड के हजारीबाग जिले से आई है। नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. एहसान उल हक और वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम को सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पिछले दिनों सीबीआई के अधिकारियों ने हिरासत में लेकर प्रिंसिपल से चरही गेस्ट हाउस में पूछताछ की थी। 12 अधिकारियों की टीम हजारीबाग पहुंची थी और जांच के बाद प्रिंसिपल को कस्टडी में ले लिया था।



**पटना में मिला था अधजला नीट का प्रश्न पत्र** : चार मई 2024 को बिहार के पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के खेमनीचक स्थित लर्न्ड एवं प्ले स्कूल समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी की गयी थी। वहां अधजला नीट-यूजी का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था। जांच के दौरान प्रश्न-पत्र का कोड झारखंड के हजारीबाग के ओएसिस स्कूल का मिला था।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### व्यवसाई ने दुकान में लगाई फांसी

**रामगढ़।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक जैन नामक व्यापारी के रूप में हुई है। वह थाना क्षेत्र के पुराने अशोक सिनेमा के पीछे रउता जाने वाले रास्ते पर दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके ऊपर कर्ज इतना अधिक हो गया था कि वह उसे चुका नहीं पा रहा था, जिसकी वजह से वह लगातार तनाव में भी रह रहा था। उसने अपनी दुकान में ही फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दी है। पुलिस को जैसे ही इस बात की खबर लगी, घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। कुजू ओपी प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस को कुछ दस्तावेज भी मिले हैं। मृतक अशोक जैन ने एक सुसाइड नोट भी वहां छोड़ा है। सुसाइड नोट में उसने अपनी पत्नी और बच्चों से माफी मांगी है। साथ ही सूदखोरों की वजह से अपनी जान देने की बात भी कही है। हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है इसका पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### 14 पेटी शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़।** शहर के सुभाष चौक पर 14 पेटी अवैध शराब से लदे एक टेम्पो को पुलिस ने शुक्रवार को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि टेम्पो से 14 पेटी में 160 बोतल शराब पुलिस ने बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित जसीम अंसारी रांची जिले के ओरमांझी चौक हरचंदा का रहने वाला है। वह टेम्पो (जेएच 01 सीआर 0791) से शराब की तस्करी कर रहा था। यह शराब रांची से रामगढ़ जिले के बरकाकाना के लिए भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपित से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### किसानों के बीच मूंगफली बीज का हुआ वितरण

**खूंटी।** जिले में तेलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (तेलहन) योजना के तहत शुक्रवार को बीज वितरण का कार्य तोरपा प्रखंड में प्रारंभ हुआ। तोरपा के प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख संतोष कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शुक्रवार को 20 किसानों के बीच मूंगफली का बीज वितरित किये गये।सहायक तकनीकी प्रबंधक खूंटी अंजना सुरीन ने बताया कि तोरपा प्रखंड के 20 किसानों के बीच खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (तेलहन) योजना के तहत प्रमाणित मूंगफली बीज प्रभेद जीआईआरआईएनएआर-4-एनएससी का वितरण ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से किया गया।

# पीएलएफआई के एरिया कमांडर तूफान समेत दो नक्सली गिरफ्तार

▸ चार सौ जिंदा कारतूस बरामद




संवाददाता

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने गुरुवार को रनिया थाना क्षेत्र के गढ़सीदम के जंगली क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाकर एक बाइक पर सवार प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार उग्रवादियों में संगठन का नवनियुक्त एरिया कमांडर आंद्रियास कंडुलना उर्फ तूफान (23 ) और बंदगांव थानांतर्गत ग्राम गंजना जुराटोली गांव निवासी निमुस कंडीर उर्फ मास्टर (27) शामिल हैं।

तूफान पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी थानांतर्गत ओलमोकोद गांव का रहने वाला हे। उनके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, जिसकी मैगजीन में चार कारतूस लोड था और संगठन का पर्चा बरामद किया। बाद में गिरफ्तार निमुस कंडीर उर्फ मास्टर की निशानदेही पर पुलिस ने हारता जंगल में एक पेड़ के नीचे जमीन पर गड्ढा खोदकर वहां छिपाए गए संगठन के लगभग चार सौ कारतूस, सात मोबाइल और कीपैड बरामद किया। जंगल से बरामद गोलियों में 5.56 एमएम के 383 कारतूस, और पॉइंट .315 एमएम की 15 गोलियां हैं।एसपी शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुरुवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का नवनियुक्त एरिया कमांडर तूफान अपने सहयोगी के साथ ठेकेदारों से लेवी वसूलने और क्षेत्र में संगठन कें विस्तार के उद्देश्य से रनिया के गढ़सीदम जंगली क्षेत्र में आनेवाला है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा कें एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थल की घेराबंदी कर ली गइ। जैसे ही एक बाइक पर सवार उक्त दोनों नक्सली वहां पहुंचे, उन्हें दबोच लिया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आंद्रियास कंडुलना उर्फ तूफान के विरुद्ध पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव और टेबो थाने में उग्रवादी घटनाओं से संबंधित दो मामले दर्ज हैं। इन मामलों में गिरफ्तार होकर वह चाईबासा जेल भी जा चुका है। जेल से वर्ष 2023 में जमानत पर बाहर निकलने के बाद वह फिर से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय हो गया।

### विद्या विहार पब्लिक स्कूल का शिक्षक है गिरफ्तार निमस कंडीर

नवनियुक्त एरिया कमांडर तूफान के साथ गिरफ्तार निमुस कंडीर उर्फ मास्टर के बारे में एसपी ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से बंदगांव के बड़ाकेसल गांव में संचालित संगठन द्वारा विद्या विहार पब्लिक स्कूल में शिक्षक है। वह स्कूल में बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाता है।
एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अमुस कंडीर उर्फ मास्टर संगठन का मुख्य मास्टरमाइंड है। वह सफेदपोश की तरह रहकर संगठन के कार्यों की देखरेख करता है। एसपी ने बताया कि पूर्व में भी कई मामलों में उक्त मास्टर का नाम सामने आया था। उससे कई मामलों में पूछताछ भी की गई थी, लेकिन साक्ष्य के अभाव में अब तक वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया था। पहली बार नवनियुक्त एरिया कमांडर के साथ पकड़े जाने के बाद उसी की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से बड़ी मात्रा में संगठन के कारतूस बरामद किये है, जो पुलिस के लिए बड़ी सफलता है।

## सोलर जलमीनार खराब, भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए मचा हाहाकार



संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड की लोवादाग पंचायत के सिटकाडीह गांव में पिछले एक साल से सोलर जलमीनार खराब है। इससे पेयजल को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। यह कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस समस्या को ध्यान में रखकर सरकार ने पंचायतों में सोलर जलमीनार लगाकर लोगों को पेयजल संकट से निजात दिलाने की पहल की थी। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण सोलर जलमीनारों का रखरखाव बेहतर नहीं होने से समस्या फिर से गहरा गई है। ग्रामीण शत्रुघ्न महतो ने बताया कि, स्थानीय ग्रामीण को पेयजल के लिए इस चिलचिलाती धूप में यत्र-तत्र भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। गांव में पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जलमीनार ही है। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। दर्जनों घरों के लोग यहां से पानी ले जाते थे। लेकिन जल मीनार खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सोलर जल मीनार को चालू कराने की मांग की है। साथ ही इसकी शिकायत विभाग एवं स्थानीय मुखिया को दे दी गई है, परंतु इस पर अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। मुखिया लालसिंह मुंडा ने बताया कि लगातार उस जलमीनार को बनाने का प्रयास किया जा रहा है, परंतु ठीक नहीं हो पाया। विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई है, परंतु विभाग की ओर से भी इस पर कोई पहल नहीं की जा रही है।
विभाग के कनीय अभियंता जे मुंडा ने बताया कि मरम्मत करने के लिए अतिरिक्त फंड नहीं रहने के कारण उसे मरम्मत नहीं किया गया है, परंतु जल्द ही उसे ठीक कर लिया जाएगा।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश ने की पेयजल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक




संवाददाता

**सिल्ली/सोनाहातू।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश कुमार महतो के रांची स्थित आवास में शुक्रवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक हुई। इसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता राजेश रंजन, एसडीओ तिलोस्फोर मिंज, एसडीओ भूपेंद्र सिंह, कनीय अभियंता अनिल लिंडा, जीतमोहन सिंह मुंडा तथा प्रभात कुमार उपस्थित रहे।
बैठक में सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा के प्रखंड सिल्ली, सोनाहातू,राहे तथा अनगड़ा में पानी की व्याप्त समस्या को लेकर पदाधिकारियों के साथ कई बिंदुओं पर चचाएं की। इनमें सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन को 100 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। अगर कोई क्षेत्र छूट रहा है, तो उसे जल्द जोड़ने को कहा गया। वर्तमान में चल रहे प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल निर्माण कार्य का क्या लक्ष्य था तथा जिसमें से कितना पूरा हुआ उसकी जानकारी ली गई। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 304 नलकूप के खराब हो चुके पाइप को बदलने का कार्य एवं विशेष मरम्मत द्वारा लगभग 29 बंद पडे नलकूपों को जल्द से जल्द चालू करने को कहा गया।

## अदिति नर्सिंग होम और वरदान हॉस्पिटल होंगे बंद

**एक सप्ताह के लिए बंद होगा बीएम सेवा सदन, 10000 का लगा जुर्माना**




संवाददाता

**रामगढ़** । रामगढ़ के गोला प्रखंड स्थित आदिती नर्सिंग होम और वरदान हॉस्पिटल में ताला लग गया। डीसी चंदन कुमार ने इन दोनों अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया है।
14 जून 2024 को इन दोनों अस्पतालों में जांच की गई थी और वहां भारी अनियमितता मिली थी। यहां तक की इन अस्पतालों में कोई चिकित्सक भी मौजूद नहीं था। राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के आलोक में डीसी चंदन कुमार ने यह कार्रवाई की है ।इसके अलावा बीएम सेवा सदन अस्पताल को भी भारी झटका लगा है। इस अस्पताल को एक सप्ताह के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। अस्पताल प्रबंधन को 10000 रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है।

### सभी अस्पताल संचालकों को दी गई चेतावनी

डीसी चंदन कुमार ने जिले के सभी अस्पताल संचालकों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि चिकित्सक की उपस्थिति, योग्य स्टाफ, मेडिकल रिकॉर्ड का सही रख-रखाव, जैविक कचरे, फायर एनओसी से संबंधित प्रोटोकोल का अनुपालन अनिवार्य रूप से करें। डीसी ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन के लिए निर्धारित दिशा निदेर्शों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी।

## विधायक सुदेश महतो के प्रयास से कुदाडीह गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड की जिंतु पंचायत अंतर्गत कुदाडीह गांव में शुक्रवार को विधायक सुदेश महतो के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। गांव में एक पखवाड़े पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विधायक सुदेश महतो को दी थी। विधायक महतो ने तत्काल पहल करते हुए गांव में नया ट्रांसफार्मर भेजा। शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक की उपस्थिति में विधिवत पूजन के बाद स्विच ऑन कर ट्रांसफार्मर को चालू किया गया। मौके पर मुकेश महतो, गंगाधर महतो, शिवप्रसाद मछुवा, शिवेश्वर महतो, शिवनाथ महतो, मीणा देवी, प्रधान महतो, दुर्गा चरण महतो, काशीनाथ महतो, राज किशोर महतो, धीरज महतो, देवेंद्र महतो, कृष्णा महतो, मनोज महतो, प्रभा देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## जिला सहकारिता विकास कमेटी की बैठक

▸ अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश



संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सहकारिता विकास कमेटी (डीसीडीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि एवं अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। साथ ही जिले में सहकारिता विकास के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में नेशनल कॉ ऑपरेटिव डाटा बेस को अद्यतन करने, नये बहुउद्देशीय पैक्स, लैम्पस, डेयरी एवं मत्स्यजीवी सहकारी समितियों की स्थापना, राज्य और जिला स्तरीय सहकारी बैंक लिमिटेड से सम्बद्धता एवं समन्वय स्थापित करने, सहकारी समितियों को गोदाम एवं कार्यालय कें लिए जमीन का आवंटन और अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, लैम्पस के माध्यम से जन औषधि केंद्र की स्थापना एवं संचालन, सीएससी संचालित सहकारी समितियों में झारसेवा की सुविधा उपलब्ध कराने, वर्ल्ड लार्जेस्ट ग्रेन स्टोरेज पायलॉट प्रोजेक्ट योजना के तहत जमीन उपलब्धता, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत भूमि सत्यापन, सहकारी समितियों में सदस्यता वृद्धि अभियान, सहकारी समितियों के जर्जर गोदामों, भवनों का मरम्मत, पुनर्निमाण सहित अन्य विषयों के संबंध में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। जिला सहकारिता विकास कमेटी की बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड के अलावा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ. विनोद ने सिल्ली अस्पताल का किया निरीक्षण



**सिल्ली।** क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ. विनोद कुमार ने सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने घूम-घूमकर अस्पताल का जायजा लिया। अस्पताल की साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रियंका कुमारी सिंह से स्वास्थ्य से सबंधित कई जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव से संबंधित विवरण भी देखा और आवश्यक निर्देश देते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी। सभी एएनएम एवं सीएचओ को अपने प्रतिनियुक्ति केंद्र पर रहकर कार्य सुनिश्चित करने एवं नियमित रूप से टीकाकरण अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों का निरीक्षण किया। ऑपरेशन थियेटर के अलावा सभी विभाग के कक्ष की जानकारी ली। चिकित्सक, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर दंत चिकित्सा विनीता कुमारी, डॉ विवेक कुमार, लिपिक छोटेलाल पटेल, संजय कुमार महतो, मारुति नंदन चक्रवर्ती, शशि भूषण चौबे, कमल कुमार दे, संजीव कुमार महतो एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## भ्रूण हत्या रोकने के लिए नियमित तौर पर हो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच : डीसी

संवाददाता

**रामगढ़** ।जिले में भ्रूण हत्या रोकने के लिए नियमित तौर पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच होनी चाहिए। जिले के सभी प्रखंडों में मौजूद अल्ट्रासाउंड केंद्रों में भी औचक निरीक्षण आवश्यक है।यह बात शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षक व अनुश्रवण समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही। डीसी ने कहा कि गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत लिंग जांच कानून अपराध है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी ली। वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, उनको सूचीबद्ध करने एवं उनपर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।




### अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना में पूरी हो सारी प्रक्रिया

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक के माध्यम से दर्ज करने का निर्देश दिया।

### गाइडलाइन के अनुसार संचालित हो अल्ट्रासाउंड केंद्र

बैठक में डीसी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच करने का आदेश दिया गया है। साथ ही संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश डीसी ने दिया।

### किसी परिस्थिति में नहीं हो लिंग जांच

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जाँच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही कोई भी सरकारी चिकित्सक अपने ड्यूटी के दौरान किसी अन्य गैरसरकारी संस्था में कार्य ना करे यह भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने रिन्यूवल हेतु विभिन्न संस्थानों से आये आवेदनों से शपथ पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही आगे की करवाई करने का निर्देश दिया।

### प्रशिक्षुओं के बीच प्रशस्ति पत्र का हुआ वितरण

**खूंटी।** लीड्स प्रशिक्षण केंद्र मुरहू, खूंटी में शुक्रवार को प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत 34 प्रशिक्षुओं को कौशल प्रशिक्षण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। लीड्स संस्था द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत 24 जून को हुई थी। प्रशिक्षण में यूरोपियन यूनियन और डब्ल्यूएचएच के सहयोग से खूंटी, सिमडेगा और रामगढ़ जिले कें 34 लोगों को सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, एलइडी बल्ब रिपेयरिंग,बोरवेल रिपेयरिंग आदि का प्रशिक्षण दियाग या। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर खूंटी के पशुपालन पदाधिकारी विजय कुमार नाग और कल्याण गुरुकुल खूंटी के जिला समन्वयक चंदन मुख्य रूप से उपस्थित थे।अतिथियों ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। कहा गया कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को अपने जीविकोपार्जन के लिए उपयोग करें और इससे अपने परिवार का लालन पालन के लिए बिजनेस मोड में काम करें। इस संबंध में भी प्रशिक्षुओं को जानकारी दी गई।

### यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है, तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है : आशीष झा




**रामगढ़** ।कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सीसीएल रजरप्पा द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विद्यालय में स्वच्छता पर आधारित निबंध, पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा नवम से बारहवीं तक के भैया बहनों ने भाग लिया। बच्चों ने व्यक्तिगत स्वच्छता से स्वस्थ भारत विषय पर निबंध लिखे व क्विज के माध्यम से खुद सीखा और बड़ों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में आराध्या, साधना, तन्नु, पूजा, रूही, जनिशा, कुमारी मानशी, मनीता, रागिनी, नूतन, अनुष्का,स्पर्श, अनुराग, राज रंजन, अंकित, निखिल,प्रियंशु,प्रेम प्रकाश, नीरज, आयुष, अमन, दुर्गेश आदि भैया बहनों ने भाग लिया।इस अवसर पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह बसा लो कि वो आपकी एक आदत बन जाये। यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ्य नहीं रह सकता है। सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं विकास कुमार उपस्थित थे। जबकि प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में विद्यालय आचार्या गायत्री पाठक,बचूलाल तिवारी,अनिल त्रिपाठी,गायत्री कुमारी, सेखर कुमार,शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## संक्षिप्त

### वी-रैन के लिए सैमसंग के साथ बातचीत

रांची। टेलीकॉम ऑपरेटर वी अपने 4जी एवं 5जी डिप्लॉयमेन्ट्स के लिए वर्चुअलाइज्ड रेडियो एक्सेस नेटवर्क (वी-रैन) समाधान के लिए सैमसंग के साथ बातचीत कर रहा है। वी के 4जी फुटप्रिन्ट को बढ़ाने और 5जी की शुरूआत करने के लिए वी और सैमसंग पिछले 12-18 महीनों से चेन्नई में नेटवर्क ट्रायल में सक्रिय हैं। ट्रायल से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मौजूदा सप्लायर्स के बेहतरीन परफोर्मेन्स को देखते हुए वी ने कर्नाटक और बिहार सर्कल्स में सैमसंग डिप्लॉयमेन्ट्स का विस्तार किया है।

### केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री का सम्मान समारोह 30 जून को

रांची : नयी दिशा के तत्वाधान मे 30 जून, दिन रविवार को अपराह्न समय- 12:15 बजे से 1:15 तक लालपुर रांची स्थित होटल लैंडमार्क के सभागार मे सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नई दिशा के कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा ने बताया कि रांची के लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ को भारत सरकार मे रक्षा मंत्रालय में रक्षा राज्य मंत्री का महत्वपूर्ण पद मिला है। जिनके सम्मान में नई दिशा की ओर से होटल लैंडमार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के व्यवसायिक संस्था, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावे शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। सभी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का अभिनंदन एवं स्वागत कर सम्मानित करेंगे। श्री काबरा ने कहा है कि रांची के सांसद को रक्षा राज्य मंत्री का विशिष्ट स्थान मिलना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सर्व समाज के सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि सांसद के सम्मान समारोह कार्यक्रम मे समय पर अवश्य पधारे। कार्यक्रम के पश्चात भोजन का भी आनंद हम सभी मिलकर लेंगे। उक्त जानकारी नई दिशा के कार्यक्रम प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

### आरटीसी आईटी के प्राचार्य ने की कुलपति एवं रजिस्ट्रार से औपचारिक भेंट

ओरमांझी : शुक्रवार को आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी ओरमांझी के प्राचार्य डॉ ऐन हरिबाबू ने आईक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर झारखण्ड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के कुलपति डॉ डी के सिंह,रजिस्ट्रार निशांत कुमार एवं विश्वविद्यालय के कोर्स कोऑर्डिनेटर स्नेह कुमार से औपचारिक तौर पर भेंट की और संस्थान के एनएएसी सर्टिफिकेट दिखाया तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकाश के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

### कांग्रेस ने हेमन्त सोरेन को जमानत मिलने पर प्रसन्नता जतायी

रांची : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर प्रसन्नता एवं खुशी जाहिर की है। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा एक साजिश के तहत भाजपा और केंद्र की सरकार ने लोकसभा चुनाव के पूर्व हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवाया ताकि सरकार की बदनामी हो और लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिले, लेकिन भाजपा का हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का दांव उल्टा पड़ गया और लोकसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा को आशातीत सफलता नहीं मिल पाई। उच्च न्यायालय के आज के फैसले से राज्य एवं देश की जनता का विश्वास न्यायालय एवं लोकतंत्र पर प्रगाढ़ हुआ है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा राज्य की जनता केंद्र सरकार एवं भाजपा के द्वारा एक चुने हुए मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से खासा नाराज थे और आज भी है, वक्त आने पर जनता पाई पाई का हिसाब लेगी।

## उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति से संबंधित की समीक्षा बैठक

# राशन कार्ड करें रद्द, पीडीएस डीलर्स को शोकॉज करने के निर्देश



संवाददाता

रांची। रांची जिले में जिन गुलाबी और हरा राशन कार्डधारियों ने पिछले 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है, उनका कार्ड रद्द किया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने 28 जून, 2024 को खाद्य आपूर्ति से संबंधित बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिये। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्रीमती मोनी कुमारी, जिला के सभी पणन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

**इन योजनाओं की समीक्षा की**

बैठक में मई और जून, 2024 के लिए एनएफएसए योजनान्तर्गत एवं जुलाई एवं अगस्त, 2023 के लिए जेएसएफएसएस योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डोर स्टेप डिलीवरी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति, अक्टूबर से दिसंबर, 2023 के लिए नमक, चीनी एवं अप्रैल 2024 में चना दाल के उठाव एवं वितरण की स्थिति, द्वितीय छमाही के लिए सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना की स्थिति, पेट्रोल पर सब्सिडी देने के लिए सीएम-सपोर्ट की स्थिति आदि की समीक्षा की।

**दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करें**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत मई और जून, 2024 एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत जुलाई व अगस्त, 2023 तक खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की प्रखंडवार समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपायुक्त ने खाद्यान्न वितरण में अनिमितता बरतने वाले जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के विरुद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।

**कम खाद्यान्न वितरण की वजह**

कम खाद्यान्न वितरण पर डीएसओ द्वारा बताया गया कि कई राशन कार्डधारी राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं। इस पर उपायुक्त द्वारा 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवाले कार्डधारियों का राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्डधारियों के कार्ड डिलीशन का प्रोसेस रेग्युलर रखें।

**ऐसे डीलर्स को शोकॉज करें**

अक्टूबर से दिसंबर, 2023 के लिए नमक एवं चीनी के उठाव एवं वितरण की स्थिति की प्रखंडवार समीक्षा उपायुक्त ने की। उन्होंनने 50 प्रतिशत से कम चीनी वितरण करनेवाले पीडीएस डीलर को शोकॉज करने को कहा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को इस संबंध में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिन प्रखंड में नमक का वितरण नहीं किया गया है, वहां के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को भी शोकॉज करें।

**पीवीटीजी डाकिया योजना**

उपायुक्त ने पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण की जानकारी ली। उपायुक्त ने वितरण और ऑनलाइन रिफ्लेक्शन में सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत कार्ड का डिलीशन बिना वेरिफाई किये नहीं करें।

**आवेदनों का निष्पादन करें**

ई-आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विभिन्न कैटेगरी में लंबित आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया गया।

**इस योजना पर भी चर्चा**

मोबाईल सीडिंग, पेट्रोल पर सब्सिडी देने के लिए सीएम सपोर्ट एप की स्थिति, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना आदि की समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त द्वारा उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया 'मेगा रिटेल एक्सपो' का आयोजन



संवाददाता

रांची : ग्राहकों की खुदरा ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची द्वारा अंचल कार्यालय, रांची के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा दिनांक 28.06.2024 को पूर्वाहन 10:00 बजे से श्यामली कॉलोनी में 'मेगा रिटेल एक्सपो' का आयोजन किया गया। मेगा रिटेल एक्सपो कार्यक्रम का उद्घाटन राजकुमार सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक-वित्तपोषण, सेल, आलोक कुमार, क्षेत्र प्रमुख, शशिकांत, उप-अंचल प्रमुख, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के करकमलों से किया गया। रिटेल एक्सपो कार्यक्रम का सफलतम आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया उप-क्षेत्र प्रमुख श्री विभाष कुमार व नीरज कंधवे के संरक्षण में किया गया। इस कार्यक्रम में रांची के प्रतिष्ठित बिल्डरों एवं कार डीलरों को बैंक के विभिन्न ग्राहकों को खुदरा ऋण का लाभ प्रदत करने के उद्देश्य से आमंत्रित किया गया । एक्सपो में सभी ग्राहकों को न्यूनतम ब्याज दर, त्वरित मंजूरी, बिना प्री क्लोजार चार्ज तथा और भी अन्य सुविधाओं सहित रिटेल लाभ प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में कुल 22 करोड़ के खुदरा ऋण की मंजूरी प्रदान की गई, जिसमें से 7.50 करोड़ रुपये की त्वरित मंजूरी प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनियन बैंक के विपणन अधिकारियों एवं शाखा प्रमुखों की अहम योगदान रहा।

## वादों के निस्तारण में मध्यस्थों और अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : न्यायायुक्त



संवाददाता

रांची : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय, रांची में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आज समापन हो गया। ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतिम दिन कुल 39 (उनचालिस) मामले विभिन्न न्यायालय से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र रांची में आये थे। इनमें से कुल 37 (सैंतीस) मामलों को सुलझाने में सफलता मिली। पहले दिन कुल -30, दूसरे दिन- 17, तीसरे दिन - 47, चौथे दिन - 41 एवं आज अंतिम दिन 37 वादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने में सफलता मिली। वादों के निस्तारण में व्यवहार न्यायालय, रांची के मध्यस्थों व अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह भी ज्ञात हो कि आज मध्यस्थता के माध्यम से वाद संख्या ओ.एम. 47/2021 जो अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश-1, कुटुम्ब न्यायालय-1 के यहां से मध्यस्थता केंद्र में आया था। उक्त वाद को सुलझाने में अधिवक्ता मध्यस्थ गोकुलचंद्र एवं श्यामल बरन दास तथा एन. के. चटर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस वाद में सूचिका प्रियंका जयसवाल जब गर्भवती थी, तो उसके ससुरालवालों ने उसे घर से निकाल दिया था। इस विवाह से उसकी एक बच्ची हुई थी, जिसका नाम काव्या कुमारी है। उसका उम्र 6 वर्ष है। बच्ची जन्म से ही अपने मामा के घर पर रह रही है। इसी संदर्भ में प्रियंका जयसवाल ने अपनी और अपने बच्ची के लिए भरण-पोषण वाद माननीय न्यायालय में अपने पति टिंकू जयसवाल के विरूद्ध दर्ज किया था। दोनों पक्षों से मध्यस्थता में बातचीत के दौरान यह समझौता हुआ कि टिंकू जयसवाल अपनी पत्नी तथा बच्ची को इज्जत के साथ अपने घर रामगढ़ लेकर जायेंगे और मान-सम्मान उचित देखभाल करते हुए रखेंगे। दूसरी और आज मध्यस्थता के माध्यम से वाद संख्या शिकायतवाद 1618/2019 जो श्रीमति अर्चना मिश्रा, न्यायिक दंडाधिकारी-25 के यहां से मध्यस्थता केंद्र में आया था। इसे भी सुलझा लिया गया। उक्त वाद को सुलझाने में अधिवक्ता मध्यस्थ गोकुलचंद्र एवं श्यामल बरन दास तथा एन. के. चटर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह वाद सूचिका ने अपने पति एवं अपने ससुरालवालों के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना के लिए किया था।

## बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एम. कार्तिकेयन का रांची आगमन



संवाददाता

रांची : बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एम कार्तिकेयन शुक्रवार को रांची शहर में मौजूद थे। इस अवसर का लाभ उठाते हुए बीओआई रांची अंचल ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी अभियान के तहत सामाजिक दायित्व की प्रतिबद्धता एवं आदिवासी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु लोहरदगा ज़िले के विभिन्न ग्रामवासियों को 100 मांदर, 75 नगाड़ा तथा 50 सोलर लैंपों का वितरण किया।

गौरतलब है कि, उक्त वाद्ययंत्र आदिवासी संस्कृति की धरोहर हैं तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व शुभ अवसरों पर प्रयोग में लाए जाते हैं। कार्यक्रम का भव्य आयोजन माननीय वित्त मंत्री, झारखंड सरकार, डा. रामेश्वर उराँव जी के आवास पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया द्वारा समाज के उत्थान व संस्कृति के संरक्षण के लिए उठाये जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण प्रयासों को विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर एस एल बी सी उप महाप्रबंधक श्री सी गोपाला कृष्णा, उपमहाप्रबंधक श्री दीप शंकर, श्री सुब्रमण्यम, आंचलिक प्रबंधक श्री संजीव कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक श्री ए के पांडेय, मुख्य प्रबंधक श्री ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक अभय खलखो, नजमुल होदा आदि उपस्थित थे। मंच संचालन मुख्य प्रबंधक विपणन श्री अनुराग वर्मा द्वारा किया गया।

## क्लाउड कंप्यूटिंग भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : पारिख

### सीआईआई झारखंड का सेमिनार आयोजित



संवाददाता

रांची। सीआईआई झारखंड ने 'तेजी लाएं, नवाचार करें और सुरक्षित रूप से विस्तार करें' विषय पर क्लाउड पर सत्र आयोजित किया, जहां उद्योग के पेशेवर नेताओं ने उभरती प्रौद्योगिकियों और क्लाउड सेवाओं पर उनके संभावित प्रभाव पर विचार-विमर्श किया। साथ ही, ओरेकल के प्रख्यात वक्ताओं ने ओरेकल के साथ क्लाउड को समझने पर अपने विचार साझा किए।

सीआईआई जमशेदपुर जोनल काउंसिल के अध्यक्ष और वैदेही मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिलू पारिख ने भारत के डिजिटल व्यवसाय परिदृश्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो तकनीकी प्रगति, सहायक सरकारी नीतियों और एक समृद्ध स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संचालित एक तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। यह विकास प्रक्षेपवक्र भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है, जिसमें आगे विस्तार की महत्वपूर्ण क्षमता है। श्री पारिख ने कहा कि क्लाउड कंप्यूटिंग, जो अब वैश्विक स्तर पर 371 बिलियन डॉलर का आधारशिला उद्योग है। वर्ष, 2025 तक 832 बिलियन डॉलर को पार करने के लिए तैयार है, जो भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

सीआईआई झारखंड आईसीटी, स्टार्टअप और इनोवेशन पैनल के संयोजक और टाटा स्टील के बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन और बिजनेस सॉल्यूशंस के चीफ सरजीत झा ने कहा कि क्लाउड टेक्नोलॉजी को विकास को सक्षम करने के लिए अपरिहार्य माना जाता है, जिसमें एआई को अपनाना अंतिम लक्ष्य माना जाता है। उद्योगों का परिवर्तन क्लाउड प्रतिमान के भीतर तीन प्रमुख पहलुओं पर टिका है - डेटा और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच, बुनियादी ढांचे से नवाचार को अलग करना और डेटा का लोकतंत्रीकरण।

सीआईआई पूर्वी क्षेत्र एमएसएमई उपसमिति के अध्यक्ष और मेटलवर्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय सबरवाल ने कहा कि भारत में, 6.4 करोड़ एमएसएमई हैं, जिनमें से 99% से अधिक सूक्ष्म उद्यमों के रूप में वर्गीकृत हैं। सभी व्यावसायिक आकारों में तेजी लाना और नवाचार करना महत्वपूर्ण लक्ष्य हैं।

## आदेश का पालन करते हुए इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू करे रांची विश्वविद्यालय : युवा आजसू

संवाददाता

रांची : शुक्रवार को युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं बीबी की परेशानियों से संबंधित 8 सूत्री मांग सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से कहा के झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए तत्काल प्रभाव से रांची विश्वविद्यालय को इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए ताकि राज्य के हजारों मैट्रिक के छात्र-छात्राएं जो कि नामांकन के लिए इधर-उधर भटकने को विवश है वह अपनी पढ़ाई आगे सुचारू रूप से जारी रख पाए, आगे अभिषेक शुक्ला ने कहा पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का निर्माण होने तक उसे किसी अन्य भवन में शिफ्ट किया जाए। मोराबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्र छात्रा के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए, लगभग 1 महीने के अंतराल में दो परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं बिना परीक्षा दिलवाए ही परीक्षा केंद्र से यह बोलते हुए वापस कर दिया गया की परीक्षा का प्रश्न पत्र नहीं छपा है इस दोनों मामले की गंभीरता से जांच करते हुए दोषी पर कार्रवाई की जाए, लगभग 3 महीने पहले आजसू ने विश्वविद्यालय प्रशासन से पीजी के बढ़े हुए। परीक्षा शुल्क को वापस लेने का आग्रह किया था विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस पर हामी भरते हुए परीक्षा शुल्क कम करने की बात कही थी परंतु 3 महीने बीत जाने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा पीजी परीक्षा शुल्क में कमी नहीं की गई इसे लेकर छात्र-छात्राओं में काफी रोष है।

# न्यूनतम मजदूरी में संशोधन करने पर आंदोलन तेज करने की धमकी




संवाददाता

रांची। मजदूर अधिकारों को संरक्षित करने वाले सभी श्रम कानूनों को केन्द्र सरकार संशोधन कर रही है। श्रम कोड मजदूरों के बजाय कंपनियों के हितों को ज्यादा लागू कर रही है। आज मजदूर घोर असुरक्षा में बेगारी पर काम करने के लिए मजबूर है। कंपनियां मजदूरों के साथ गुलामों की तरह बर्ताव कर रही है। भवन निर्माण कर्मकारों के लिए बना कल्याण बोर्ड भी हाथी का दांत की तरह दिखावा साबित हो रहा है। मजदूरों के लाभ के बजाए कम्पनियों पर मेहरबान है। उपरोक बातें झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन की डोरंडा में आयोजित राज्य कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया कंस्ट्रक्शन वर्कर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सचिव एसके शर्मा ने कही।

शर्मा ने कहा कि केन्द्र हो राज्य सरकार की सरकारें दोनों मजदूरों के हितों के प्रति असंवेदनशील है। केन्द्र के इशारे पर राज्यों में श्रम कोड लागू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इससे मजदूरों का जीवन और भी बदतर होगा। मजदूर विरोधी सरकार के खिलाफ अगस्त महीने में आंदोलन तेज होगा।

एक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि गजट नोटिफिकेशन के बावजूद न्यूनतम मजदूरी में संशोधन असंवैधानिक है। आपत्ति करने की अवधि समाप्त होने के बावजूद सरकार द्वारा कंपनियों के इशारे पर बदलने की कोशिश मजदूर बिरोधी कदम है। 90 प्रकार के मजदूरों के लिए सर्वसहमति से न्यूनतम मजदूरी में राज्य सरकार बदलाव करेगी तो आन्दोलन तेज होगा।

निर्माण मजदूर यूनियन के प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा कि झारखंड विधानसभा के चुनाव में मजदूर मूकदर्शक नहीं बनेगें। वर्षो के संघर्षों से मजदूरों को मिली अधिकारों पर हमला करने वाली सरकार के खिलाफ निमार्ण मजदूर निर्णायक भूमिका अदा करेगे। श्रम कानून में संशोधन के खिलाफ लेबर कोड वापस लेने की मांग पर 20 जुलाई से 8 अगस्त तक पूरे राज्य में हस्ताक्षर आभियान चलाकर केन्द्र सरकार को सौंपा जाएगा। बैठक में रांची, रामगढ़, चतरा, देवघर, दुमका, गुमला, बोकारो समेत कई जिलों के राज्य कमेटी सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर निर्माण मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सुभाष मंडल, भुवनेश्वर बेदिया, अमल घोष, विजय गिरी, भीम साहू, अशोक महतो, शेख सहदूल, सरिता तिग्गा, श्यामलाल चौधरी, किशोर खंडित, दयाल चंद पंडित, एनामुल हक, इतवारी देवी, कार्तिक उरांव समेत कई मजदूर नेता शामिल हुए।

### तीन दिवसीय प्री मॉनसून एग्जिबिशन मेला का शुभारम्भ

रांची : माहेश्वरी महिला समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्री मोनसून एग्जिभीशन मेला के शुभारंभ के बाद खरीदारी करने आए ग्राहकों की चहल-पहल से मेलेके सभी उद्यमियों में जोश दिखा। 28 वर्ष से लग रहे मेले में पहली बार मेला प्रवेश शुल्क रखा गया चैरिटी के लिए। मेले में विशेष आकर्षक रहा हाथ से बनी राखी 10 से 700 रुपए की, कुर्ती 250से 5000 तक की, सिल्क बनारसी साड़ी 3000- 25000 की, लड्डू गोपाल के पोशाक, गहने, खिलोने, बंदरवार इन्दो वेस्टर्न ड्रेस, गाउन, कॉटन बेड शीट्स, बैग्स, 100-5000 तक की आर्टिफिशल जेवलेरी के साथ 14 ,१३ एवं रियल गोल्ड डायमंड की 4000- 5लाख की, शॉपिंग करने आये ग्राहक ने मेले में आई टेरों रीडर के पास भी समय दिया।

## संक्षिप्त

### हेमन्त सोरेन को जमानत मिलना, न्याय की जीत : पंकज

**लातेहार** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह लातेहार जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर प्रेस बयान जारी कहा उन्हें बधाई दी है। साथ ही कहा है कि हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जो प्रताड़ित करने का काम किया गया उसका जबाब झारखंड की जनता विधानसभा चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ कर देगी। श्री तिवारी कहा कि यह झारखंड वासियों के लिए राहत भरी खबर है झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से जमानत मिलना। न्यायालय पर पूरा भरोसा था और यह न्याय की जीत हुई। श्री सोरेन को कथित लैंड स्केप के नाम पर प्रताड़ित करने का काम किया गया है। झारखंड की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का कुप्रयास किया गया, सीएनटी एक्ट में कहीं भी भूमिहर जमीन बेची नहीं जा सकती है जो जमीन बेची नहीं जा सकती ना खरीदी जा सकती है उसके आरोप में हेमंत सोरेन जमीन खरीदी है उनको जेल में डाला गया।

### वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला** : घाघरा थाना क्षेत्र की जमगाई गांव में वृद्ध व्यक्ति झलीराम उरांव ने आम के पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वही पुलिस शुक्रवार को दिन के 10 बजे शव को कब्जे में कर थाना लाई और पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि झलीराम उरांव हर दिन के भांति गुरुवार को मवेशी चराने नदी की ओर खेत तरफ गया था।देर शाम तक वह नहीं लौटा। गांव में बुढ़िया करम का बासी त्योहार था। जिससे लगा की गांव में कही होगा। काफी शाम होने के बाद खोजबीन की गयी। मवेशी चराने गए स्थल के पास गए। तो देखा आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी पर वह झूल रहा था। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी। वही रात होने के कारण पुलिस शुक्रवार को घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लिया। वहीं परिजनों ने यह भी बताया कि तीन-चार दिन पहले से झलीराम की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब चल रही थी।

### स्वास्थ्य सहिया अपनी मांगों को लेकर करेंगी आन्दोलन

**गुमला** : गुमला की स्वास्थ्य सहिया करौंदी बगीचा में एक दिवसीय धरना पर मानदेय और स्थायीकरण की मांग को लेकर कई वर्षों से है आंदोलनरत हैं। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कार्यरत समस्त सहिया को लेकर बैंठक किया गया। आज एकदिवसीय धरना में गुमला1 जिला के सभी प्रखंड से सहिया का जुटान हुआ। गौरतलब है कि इन सहियाओं की मांग मानदेय और स्थायीकरण है, मिशन बादलव के भूषण भगत ने कहा कि राज्य में सहिया की करीब संख्या 40 से 42 हजार है। 17 साल से इन्हें अल्प मानदेय में काम करना पड़ रहा है। 17 सालों से इन्हें आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन कोई भी सरकार इनके स्थायीकरण पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

### पेड़ में टकराने से वाहन चालक की मौत

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अक्सी पंचायत के ग्राम चेतमा मोड़ के समीप जामून के पेड़ में मोटरसाइकिल के टकरा जाने से घटना स्थल पर ही वाहन चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजू खेरवार पिता कमलेश्वर खेरवार ग्राम नगर प्रतापपुर परहाटोली के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक संजू खेरवार सुबह अपने बहन को पहुचाने रामसेली गया हुआ था। पहुंचा कर लौटने के क्रम में चेतमा मोड़ के समीप वाहन अनियंत्रित हो गया और जामून के पेड़ में जा टकराया। इस दुर्घटना में वाहन चालक के सर पे काफी चोट लग गया और ज्यादा खून बह निकला। जिसके कारण उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के सुचना पर अक्सी पंचायत की मुखिया रोजालिया टोप्पो घटना स्थल पर पहुची तो देखा कि वाहन चालक की मृत्यु हो चुकी है।

### उपायुक्त विशाल सागर ने जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत...

# लंबित आवेदनों का निराकरण करने का दिया निर्देश

संवाददाता

**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में पूर्व के अलावा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2023-24 में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर कार्य योजना बनाकर कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रदर्शन को सुधारते हुए जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रखण्डवार तरीके से आए हुए आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित पड़े आवेदनों का निराकरण करते हुए जल्द से जल्द लाभुकों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने यथा-पोस्ट मैट्रिक व प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, अत्याचार राहत अनुदान, बिरसा आवास निर्माण, जाहेरस्थान घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, आदिवासी संस्कृति कला केंद्र निर्माण, एमएसडीपी, छात्रावास जीर्णोद्धार, माँझी भवन सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए कड़े शब्दों में लंबित सभी आवेदनों का



निराकरण तय समय अनुसार करने का निदेश जिला व प्रखण्ड स्तर के अधिकारियों को दिया।

इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री विशाल सागर द्वारा प्रखंडवार साईकिल वितरण को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत बच्चों के बीच साईकिल वितरण कराने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने बच्चों मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति योजना से शत प्रतिशत सुयोग्य बच्चों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वित्तिय वर्ष-2022-23 एवं 2023-24 के दरम्यान मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी पालन, सुकर पालन, कुकुट पालन हेतु ग्राम सभा के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर जिला स्तर से उचित कार्यवाई करते हुए योग्य लाभुकों को ससमय लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी व कर्मी को निदेशित करते हुए कहा कि गरीब एवं असहाय लोगों को उपरोक्त योजना के राशि का लाभ मिले तभी सही मायने में ये योजना साकार होगी। इस हेतु आप सभी चाहे वो जिला या फिर प्रखण्ड/अंचल के अधिकारी व कर्मी हो सभी एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करे। आगे उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत योग्य लाभुकों मिलें, इसका विशेष रूप से ध्यान रखे और इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मियों को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपायुक्त ने अपूर्ण योजनाओं के साथ लंबित लाभुकों के आवेदनों का निष्पादन तय समय अनुसार करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत करायें, ताकि आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा सके।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा उपविकास आयुक्त नवीन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सभी प्रखंडों के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, युआईडी के अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## रेस्डिंसियल एकलव्य मॉडल स्कूल निर्माण के लिए आईटीडीए निदेशक ने किया जमीन का सत्यापन

संवाददाता

**लातेहार** : ग्रामीणा क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने को लेकर सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी के निमित शुक्रवार को आईटीडीए डायरेक्टर प्रवीण कुमार गागराई जिले मे महुआडांड अनुमंडल स्थित लाखेपुर गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (एसमआरएस) के भवन निर्माण के लिए जमीन का अवलोकन किया।

ज्ञात हो कि पूरे देश में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर सात हजार से अधिक एकलव्य स्कूल



का खोलने की योजना है, इसी के निमित लातेहार जिले में भी एकलव्य स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। जमीन के सत्यापन करने के दौरान आईटीडीए डायरेक्टर प्रवीण कुमार गागराई ने कहा कि शिक्षा से बढ़ा कोई धन नहीं होता है यदि आप किसी व्यक्ति को शिक्षित कर देंगे तो वह जीवन में उसे कभी भी कष्ट नहीं होगा, शिक्षित व्यक्ति समाज को आगे ले जाते है। साथ ही एक बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा का बहुमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार शिक्षा से विशेष ध्यान दे रही है, ताकि हमारे क्षेत्र के ग्रामीण बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसी उद्देश्य से इस स्कूल का निर्माण कराया जा रहा है। आगे श्री गागराई ने कहा कि यहां पर स्कूल बन जाने से क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहुलियत होगी, उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

साथ ही अभिभावकों भी परेशानियों से बचेंगे।मौके पर एचएससीएल एजेंसी के कामेश्वर पाठक मौजूद रहे।

## वन क्षेत्र में अवैध खनन पर निगरानी करने के निर्देश

संवाददाता

**पलामू**। जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को वर्चुअल रूप से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की हुई। इसमें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर की गई कार्रवाई से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जून, 2024 में अवैध खनन से जुड़े 23 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं, जुमार्ने के रूप में 15.09 लाख रूपए की वसूली की गयी है। साथ ही, 33 राजसात केस दायर किये गये हैं।



- उपायुक्त की अध्यक्षता में वर्चुअल रूप से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

बैठक में डीसी श्री रंजन द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जिले में अवैध खनन के स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान अवैध खनन के बाबत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, सुदूर क्षेत्रों में होने वाले अवैध खनन की रोकथाम के लिए आवश्यक कारवाई की समीक्षा भी हुई। संबंधित अंचल में अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए की गई कारवाई की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संयुक्त टीम बनाकर वन क्षेत्र में अवैध खनन पर निगरानी रखी जाय। अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

एनजीटी के नियमों का पालन करें

श्री रंजन ने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव नहीं होने से संबंधित एनजीटी के नियमों का अक्षरशः पालन होने चाहिये। सभी संबंधित पदाधिकारी आपस में बेहतर को-ऑर्डिनेशन स्थापित कर इसे सख्ती से लागू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों से अपने क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन के प्रति पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की बात कही। मौके पर ऑनलाइन मोड से जिला खनन टास्क फोर्स से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

## साफ-सफाई, पौधरोपण के साथ दिलायी गयी स्वच्छता की शपथ

संवाददाता

**हजारीबाग** : भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) क्षे०सं०प्र०, उप क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 16 से 30 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 16 जून से ही कार्यालय परिसर में साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। आज 28 जून को स्थानीय सी.एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गर्ल्स (राजकीय कन्या उच्च विद्यालय), हजारीबाग के परिसर में स्वच्छता जागरूकता सह पौधारोपण कार्यक्रम के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम एन.एस.एस.ओ. हजारीबाग के कर्मियों द्वारा रैली निकालकर विद्यालय परिसर में प्रवेश किया गया एवं परिसर की साफ सफाई की। इसके उपरांत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित सभी लोगों को एन.एस.एस.ओ. हजारीबाग के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने स्वच्छता का शपथ दिलाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनएसएसओ के प्रभारी सूरज कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी के.वी शेखर, जयदेव कुमार एवं विद्यालय की प्राचार्या सुजाता केरकेट्टा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

स्वागत गान विद्यालय की बालिकाओं ने प्रस्तुत किया। मौके पर एनएसएसओ के प्रभारी सूरज कुमार के द्वारा उनके विभाग की ओर से सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एनएसएसओ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बच्चों को ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियर, तापमान का उत्तरोत्तर बढ़ने के कारण एवं निवारण पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सहयोग से एन. एस. एस. ओ. हजारीबाग के कर्मियों एवं मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्या द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय के हॉल में कचरा प्रबंधन एवं निस्तारण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय स्थान अंशिका एवं तृतीय स्थान सुप्रिया कुमारी को प्राप्त हुआ। उन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दंपती की सड़क दुर्घटना में मौत, सड़क जाम



संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के रमकंडा- डालटनगंज मुख्य मार्ग पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के तेलमरवा घाटी में शुक्रवार की सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हो गया। अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए और मुख्य सड़क को शव के साथ जाम कर दिया है।आक्रोशित लोग धक्का मारने वाले वाहन को पकड़ने, चालक पर कार्रवाई करने, उचित मुआवजा देने और मुख्य सड़क से हाइवा का परिचालन बंद करने की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है और लोगों को समझाने में लगी हुई है। सूचना मिलने के बाद चैनपुर के अंचल अधिकारी नितेश भास्कर भी मौके पर पहुंचे हैं और लोगों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। मृत दंपति की पहचान गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के रोहड़ा गांव निवासी महावीर साव (60) और उनकी पत्नी कौशल्या देवी( 55) के रूप में की गयी है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों पति-पत्नी इलाज कराने रांची गये हुए थे। रांची से डालटनगंज लौटने के बाद शुक्रवार की सुबह सुबह पांच बजे अपने मोपेड से वापस रमकंडा लौट रहे थे। इसी दौरान तेलमरवा के पास तेज गति से डालटनगंज की ओर जा रहे अज्ञात हाइवा ने उन्हें चपेट में ले लिया।इस घटना के बाद शव क्षत विक्षत हो गए, वही मोपेड के परखच्चे उड़ गए। सुबह में जब स्थानीय लोगों ने डेड बॉडी जहां-तहां बिखरी हुई देखी तो इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी। बाद में उनकी पहचान की गई। बताया जाता है कि मृत बुजुर्ग दंपति ही अपने घर पर रहते थे। परिवार के अन्य सदस्य बेटा-बहू सब छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहते हैं।

## आजसू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बीडीओ व सीओ को सौंपा ज्ञापन

**विष्णुगढ़** : राज्य में व्यापत भ्रष्टाचार और प्रशाशनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी के केंदीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार 28 जून शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय परिसर में आजसू द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल एवं संचालन बिनोद बिहारी महतो ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड में बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है। गरीब एवं असहाय जनता कुव्यस्था से त्रस्त है। ज्ञापन में जमीन के दाखिल खारिज के आवेदनों पर करवाई करने, अबुवा आवास के चयन में पारदर्शिता, मनरेगा से संबंधित शीघ्र कार्य करने और योजनाओं का क्रियान्वयन करने, छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने में शीघ्रता लाने, किसानों को समय पर खाद-बीज की आपूर्ति करने, विधुत आपूर्ति व्यस्था में सुधार, पेंशनधारियों को नियमित भुगतान करने, राशन कार्ड धारियों को समय पर राशन आपूर्ति, खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत एंव विष्णुगढ़ प्रखंड को पूर्ण अनुमंडल की दर्जा देने की मांग की गई।

## मां के साथ एक पेड़ लगाने व मन की बात सुनने को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न



संवाददाता

**लातेहार** : प्रदेश भाजपा के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के निर्देश पर मां के साथ एक पेड़ लगाने और पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि हर एक को मां के साथ या जिनके मां नहीं है वे लोग मां के चित्र के साथ एक पेड़ लगाएं। यह कार्यक्रम 6 जुलाई तक चलेगा। पेड़ लगाते समय मां के साथ या चित्र के साथ तस्वीर लेना है और सरल एप्प पर अपलोड करना है। कहा कि सभी पंचायतों के संयोजक एवं सह संयोजक की जिम्मेदारी है कि सभी पंचायतों में सफलता पूर्वक ये पौधा रोपण किया जाए। साथ ही आगामी 30 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को मंडल के हर बूथ पर बूथ अध्यक्ष की अध्यक्षता में ग्रामीणों के बीच सुना जाए। साथ ही साथ उपस्थित सभी लोगो के बीच एक एक पौधा का वितरण किया गया।

मौके पर एसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल ,महामंत्री रामकुमार गुप्ता ,भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, एसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी ,ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी सह संयोजक विजय प्रसाद ,पंचायत सह संयोजक पवन यादव ,रविंद्र गुप्ता ,मोहन पांडे, तुलसी प्रसाद, विजय ठाकुर, अनूप वर्मा, प्रमोद साव, संजीव गुप्ता ,गजेंद्र, हिमांशी, राजेंद्र ,चावल, अमित गुप्ता समेत कई भाजपाई मौजुद रहे।

# पेयजल की समस्या से सम्बन्धित वितन्तु संवाद से अवगत कराया : दीपक

संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू के जेएमएम नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू में भीषण जल संकट को देख अपने कुनबे के साथ राज्य के पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें पलामू प्रमण्डल के भयानक पेयजल की समस्या से संबंधित वितन्तु संवाद से अवगत कराया है। इस गम्भीर मुद्दे पर लम्बी बातचीत के फलस्वरूप मंत्री ने तिवारी को आश्वस्त किया कि झारखण्ड सरकार पलामू प्रमण्डल में पेयजल के लिए पूरी गति के साथ काम कर रही है। पेयजल प्रयोजन में रोड मैप के साथ सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में पलामू में सेकेण्ड फेज का पेयजल योजना पर सरकार गम्भीरता से आगे बढ़ रही है, जिसका रिजल्ट बहुत जल्द पलामू में दिखेगा। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने यह भी कहा कि हर घर नल में जल योजना पर भी झारखण्ड सरकार ने कार्य प्रयोजना को रूप देना आरम्भ कर दिया है, इसलिए झारखण्ड सरकार सम्पूर्ण दृष्टिकोण से पलामू प्रमण्डल के आम-आवाम को यकीन दिला रहा है कि इस क्षेत्र से जल संकट की त्वरित विदाई अवश्यम्भावी है। पेयजल की समस्या पर मंत्री के संज्ञान लिए जाने से हर्षोल्लासित जेएमएम लीडर दीपक तिवारी और उनकी कुसाग्र टीम ने मंत्री से आग्रह किया कि आसन विधानसभा चुनाव-2024 में पलामू प्रमण्डल के 09 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः डालटनगंज, गढ़वा, लातेहार, मनिका, विश्रामपुर, पाटन-छत्तरपुर, पांकी, भवनाथपुर



और हुसैनाबाद में झामुमो हर हाल में अपना प्रत्याशी खड़ा करें। दीपक तिवारी ने मंत्री को बताया कि विगत चार वर्षों में झामुमो सरकार के विकासनीत योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। गाँव-गाँव का हर एक आदमी इन योजनाओं से सीधे लाभान्वित हुआ है, यही वजह है कि जन-जन तक में झामुमो सरकार के प्रति जनाधार का अकाट्य विस्तार हुआ है। उन्होंने मंत्री से यह भी कहा है कि झामुमो बहुत कम समय में जनमानस की पटल पर साकारात्मक ऊर्जा को हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। नतीजतन उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस बार पलामू प्रमंडल के 09 सीटों पर झामुमो का झण्डा लहरना तय है। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने इस संवाद को भी पार्टी के उच्च पटल पर रखने के फलस्वरूप साकारात्मक निर्णय लिए जाने के आसार भरा आश्वासन श्री तिवारी को दिया। ईधर, दीपक तिवारी ने मंत्री को इस आशय की भी बधाई दी है, जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में झामुमो समेत इण्डिया गठबंधन का शानदार प्रदर्शन रहा। श्री तिवारी ने मंत्री को बताया कि पलामू में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण झारखण्ड में इण्डिया गठबंधन का जनमानस में पैठ बढ़ा है और यह पैठ इतना बढ़ा है कि भाजपा को शिवराज चौहान जैसे बोरो प्लेयर को रणनीतिकार के रूप में बाहर से बुलाना पड़ा। श्री तिवारी ने कहा कि लोकसभा में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त देने की कड़ी में झारखण्ड आज अव्वल साबित हुआ है। श्री तिवारी ने एक नारे के साथ कहा कि भाजपा पड़ा चक्कर में, झामुमो के सामने कोई नहीं है टक्कर में। मंत्री से मिलने वालों में जेएमएम नेता दीपक तिवारी के साथ-साथ चिंयाकी के सदर परवेज अख्तर और समाजसेवी महताब खान के नाम भी प्रमुख है।

## संक्षिप्त

### सिंटर प्लांट में काम के दौरान ठेका मजदूर की मौत

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट में सिंटर प्लांट में काम के दौरान बिजली की चपेट में आने से ठेका कर्मी 29 वर्षीय अमन कुमार सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद उसे तुरंत बीजीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ठेका कर्मी की मौत के बाद विभिन्न यूनियनों की ओर से मांग उठने लगी है कि मृतक कर्मी के आश्रितों को नियोजन और उचित मुआवजा दी जाए।

### पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन 12 जुलाई से

**बोकारो थर्मल** । बोकारो थर्मल स्थित त्रयोदश मंदिर में 12 जुलाई से आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ का समापन 16 जुलाई को किया जाएगा। महायज्ञ को लेकर 30 जून को मंदिर में झंडा पूजन का आयोजन सुबह नौ बजे से आयोजित किया गया है। मंदिर कमिटी के आरएस पांडेय ने झंडा पूजन में सभी श्रद्धालुओं को अपनी उपस्थिति दर्ज करने की अपील की है।

### महिला समिति ने जैविक उद्यान में दिया वाटर कूलर

**बोकारो** । महिला समिति, बोकारो की अध्यक्षा अनीता तिवारी ने शुक्रवार को नगर के सेक्टर-4 स्थित जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान (जगन्नाथ मंदिर के समीप) में वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस व्यवस्था से आम जनता को 24 घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। उद्यान में आने-जाने वाले दर्शनार्थी भी इसका लाभ ले पाएंगे। महिला समिति, बोकारो द्वारा समाज सेवा की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# बेहतर समन्वय के साथ कार्य करे सिविल व पुलिस प्रशासन : डीसी

संवाददाता



**बोकारो** । बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने शुक्रवार को विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिले के सभी बीडीओ, सीओ, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, सिटी डीएसपी, ट्रैफिक डीएसपी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने विधि-व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही, सिविल एवं पुलिस प्रशासन को बेहतर समन्वय के साथ काम करने तथा क्षेत्र में अपने-अपने सूचना तंत्र को सक्रिय करने को कहा। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को आमजनों की प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के साथ ही जिले के सभी थानों में प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे मंगलवार को थाना दिवस आयोजित करने को कहा, जिसमें संबंधित क्षेत्र के अंचलाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) एवं अंचलाधिकारियों (सीओ) को भी जनता दरबार आयोजित कर आम जनों की शिकायतों का निपटारा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों/अनुमंडल पदाधिकारियों को भी अपने-अपने न्यायालय में लंबित मामलों की सुनवाई करने का निर्देश दिया। उन्हें प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को न्यायालय में बैठने, मामलों की सुनवाई कर निष्पादन करने एवं उसका प्रतिवेदन जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं, धारा 107 एवं 110 दंड प्रक्रिया संहिता के मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट मंतव्य/अनुशंसा करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर अभियान चलाकर छापेमारी व कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। साथ ही, सभी को टीम भावना के तहत काम करने को कहा। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, डीपीएलआर श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

## बीएसएल निदेशक प्रभारी ने सुरक्षा पहलुओं का लिया जायजा



संवाददाता

**बोकारो** । बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार- संकार्य) राजन प्रसाद, निदेशक प्रभारी कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एल दास, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) बीके सरतापे सहित हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के अधिकारियों और कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की तथा उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अशोक बने झापीपा के केंद्रीय सचिव



संवाददाता

**बोकारो** । झारखंड पीपुल्स पार्टी को झारखंड में सशक्त बनाने और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन झारखंड को पुनः एक बार पुनर्गठित करने, भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन जारी रखने के लिए विधानसभा अतिथि भवन, रांची में झारखंड पीपुल्स पार्टी की अहम बैठक हुई। बैठक में आजसू संस्थापक और पार्टी सुप्रीमो सूर्य सिंह बेसरा की अध्यक्षता में अशोक अग्रवाल आजाद को केंद्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई। आजाद ने पार्टी - संगठन को मजबूत बनाने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन जारी रखने का आश्वासन दिया और केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर बेसराजी और केंद्रीय समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के पुनः महासचिव चुने गए ददई दुबे

संवाददाता

**बोकारो** । जुलाई 2024 - जून 2027 के लिए बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन की नई कमेटी का चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

नई कमेटी में कमल दुबे अध्यक्ष व चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) पुनः महासचिव चुने गए। जबकि, इंद्रदेव पासवान कार्यकारी अध्यक्ष, अजय कुमार चौबे, मोहन दुबे, रघुनाथ महतो, विजय कुमार, जगदीश पांडेय, अभय कुमार दुबे, शिवनाथ महतो व सरफराज अंसारी



उपाध्यक्ष, दीनानाथ पांडेय, गोपाल ठाकुर व अविनाश कुमार दुबे संयुक्त महासचिव, आर के मिश्रा, मेराजुद्दीन अंसारी व मंतोष पांडेय सहायक संयुक्त महासचिव, संजय कुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार व अमित कुमार संयुक्त कोषाध्यक्ष चुने गए। इनके अलावा सचिव पद पर संतोष कुमार सिंह, संतोष राय, संजय दास, रमेश कुमार राय, डी चंद्रा, अशोक कुमार, नईम अख्तर, अजय कुमार, कुमार सानू, वीरेंद्र प्रसाद, सहायक सचिव - अमरनाथ सिंह, शराफत अंसारी, अजय कुमार त्रिवेदी, प्रवीण कुमार पांडेय, एस के लायक, संटू ओझा, थॉमस मुंडा, संतोष कुमार, उमेश मेहरा, रंजीत सवाइंग सहित कार्यसमिति में 20 सदस्य चुने गए।

## सीजीपीसी की आमसभा बुलाकर करें समाधान

- प्रितपाल सिंह ने भगवान सिंह को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता



**जमशेदपुर**। सेंट्रल सिख नौजवान सभा के पूर्व महासचिव सरदार प्रितपाल सिंह ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह से बारीडीह के मामले में सीजीपीसी की आम सभा बुलाने की मांग की है। प्रितपाल सिंह ने कहा कुलविंदर सिंह का कार्यकाल 2022 से 2025 तक का है। छह महीने पहले अवतार सिंह सोखी ने फिर अभी सप्ताह भर पहले कुलदीप सिंह गिल ने माला पहनकर खुद को प्रधान घोषित कर दिया। यहां प्रितपाल सिंह ने सवाल दागा है कि कुलदीप सिंह को 24 घंटे के अंदर शो कॉज जारी हुआ तो अवतार सिंह को क्यों नहीं? फिर 22 जून की आम सभा में जो हुआ और सोशल मीडिया में जो कुछ चल रहा है वह अच्छा नहीं है। प्रितपाल सिंह की ओर से यह भी तर्क दिया गया है कि बारीडीह की संगत को यह नहीं बताया गया कि कुलविंदर सिंह ने कौन सी बड़ी गलती की है अथवा असंवैधानिक कार्य किया है। दोनों असंवैधानिक प्रधान अवतार सिंह एवं कुलदीप सिंह को हटाकर आपने अच्छा किया है परंतु कमेटी भंग करना समझ से परे है और यह गलत परंपरा की शुरूआत है। इसके साथ ही प्रितपाल सिंह ने यह सवाल उठाया है कि कोई समूह सीजीपीसी में आकर माला पहनकर स्वयंभू प्रधान बन जाता है तो क्या सीजीपीसी भी भंग की जाएगी? ऐसे में सीजीपीसी की जनरल बॉडी में इस पर चर्चा हो और सही फैसला हो। बारीडीह में जो कुछ हुआ है और सीजीपीसी ने जो किया है। उसे व्यवहार में लाया गया तो जमशेदपुर के किसी गुरुद्वारे का प्रधान अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगा।

## युवक का पेड़ से लटकता शव बरामद

**बोकारो थर्मल** । बोकारो थर्मल स्थित पहाड़ी मंदिर के जंगल में शुक्रवार की सुबह एक पेड़ से लटका हुआ एक व्यक्ति का शव देखा गया। जंगल में बकरी के लिए पत्ता तोड़ने गई एक महिला ने लटके हुए शव को देखा और लोगों को सूचना दी। पेड़ पर लटके हुए व्यक्ति की पहचान गोविंदपुर बस्ती निवासी उमेश कुमार महतो के रूप की गई है। मृतक का शव गमछा के फंदे से गर्दन के बल लटका हुआ था। स्वजनों ने उक्त स्थल पर पहुंचकर मृतक की पहचान उमेश कुमार महतो के रूप में करते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को बरामद कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया। मृतक गोविंदपुर सीसीएल कॉलोनी में गुमटी की दुकान चलाता था। मृतक दो पुत्रियों व एक पुत्र को अपने पीछे छोड़ गया। वह घर से गुरुवार को अपराह्न चार बजे ही निकला था। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मानकर अनुसंधान में जुट गई है।

## सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों के लिए पुरानी पेंशन योजना का संकल्प जारी

**836 प्रारंभिक और 134 उच्च विद्यालय को मिलेगा लाभ**

- 1915.80 लाख का व्ययभार
- शिक्षक नेताओं ने चंपाई सरकार के प्रति जताया आभार

संवाददाता

**जमशेदपुर**। झारखंड की चंपई सोरेन सरकार ने सहायता प्राप्त एवं अल्पसंख्यक प्रारंभिक एवं उच्च विद्यालयों के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का संकल्प जारी कर दिया है। इस संकल्प को झारखंड राजपत्र में प्रकाशित करने का आदेश जारी कर दिया गया है और इसकी प्रति राज्यपाल, महालेखाकार से लेकर जिला शिक्षा विभाग तक को उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के लागू होने पर 1915.80 लाख रुपए का व्यवहार सालाना पड़ेगा। ज्ञापांक 12/अ. 8-0 2013-1743 दिनांक 27.06. 2024 के अनुसार मानव संसाधन विभाग विकास विभाग बिहार सरकार के संकल्प संख्या -237 दिनांक 22.09.1990 को आधार बनाया गया है। इसके अनुसार सरकारी विद्यालय के शिक्षक एवम शिक्षकेत्तर कर्मियों को उपलब्ध सुविधाएं मान्यता प्राप्त गैर सरकारी सहायता प्राप्त एवं अल्पसंख्यक प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालय, प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा के शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों को भी देय है।झारखण्ड सरकार के इस संकल्प के अनुसार 1 सितंबर 2022 को तथा उसके पश्चात नियुक्त शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों को पुरानी पेंशन अनुमान्य होगा।एक 12 2004 से 31 8 2022 तक नियुक्त होने वाले कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का विकल्प दिया अंस्थाई पेंशन योजना में बने रहने का विकल्प का चयन शपथ पत्र के माध्यम से करना होगा। इस संबंध में अलग से दिशा निर्देश जारी होंगे।

1 दिसंबर 2004 के पूर्व नियुक्त कर्मियों को पूर्व की भांति भविष्य निधि का लाभ देय होगा। इस संकल्प के जारी होने पर झारखंड राज्य सहायता प्राप्त एवं अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी महासंघ के महासचिव एंथोनी तिग्गा, कार्यालय प्रभारी रमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, कुलविंदर सिंह ने राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी के प्रति आभार जताया है। प्रभात कुमार सिंह ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मुद्दे को सुलझाने में शिक्षक संघ सफल रहा है। इसी तरह से एकता के द्वारा संगठन के हर प्रयास भविष्य में भी सफल होंगे।

# बोकारो में हरियाली के बीच 63 साल पुराने आशियाने की विरासत अब बन जाएगी इतिहास

## स्व. रामस्वरूप सिंह ने 1961 में किया था एलोरा हॉस्टल का नामकरण

डीके वत्स



**बोकारो** । चारों तरफ लहलहाते पेड़-पौधे। 100 कमरों की अपनी कॉलोनी, अपनी सड़क और उन सड़कों पर खेलते बच्चे। कमरों के बाहर बरामदे पर महिलाओं का जुटान, बुजुर्गों की बैठक और बच्चों की धमा-चौकड़ी अब कभी नहीं होगी। हम बात कर रहे हैं बोकारो में हरियाली के बीच सुंदर आशियाने की ऐतिहासिक विरासत एलोरा हॉस्टल की। आज से लगभग डेढ़ दशक पूर्व एलोरा हॉस्टल की यही स्थिति थी। हालांकि, धीरे-धीरे मरम्मत के अभाव में यह लघु आवासीय कॉलोनी जर्जर होती चली गई और बीएसएल इसे अपने नक्शे से भी हटा दिया। देखरेख के बिना यहां के कमरे रहने लायक नहीं बचे थे। जो हालत थी, वह खतरनाक सी हो चली थी। लोगों ने इसके जीर्णोद्धार की मांग तो खूब की, लेकिन उस पर कुछ नहीं हुआ। अब विकासरूपी इमारत 63 साल पुरानी इस धरोहर के कब्रिस्तान पर तैयार होने जा रही है। हवाई अड्डा विस्तारीकरण के नाम पर इसे तोड़कर हटाने का फैसला बहुत पहले ही ले लिया गया था, जिस पर अब अमल शुरू भी हो चुका है। एलोरा हॉस्टल को जमींदोज करने का काम शुरू हो चुका है। बुलडोजर लगाकर इसके सभी कमरों और सामने के हॉल को भी ध्वस्त कर समतलीकरण करने की शुरूआत हो चुकी है। और, इसके साथ ही इसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और अब यह बस एक इतिहास बनकर रह जाएगा।

**प्लांट-निर्माण से पहले हुआ था निर्माण**

जानकार बताते हैं कि वर्ष 1961 में इसकी शुरूआत की गई थी। 1966 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बोकारो स्टील प्लांट का आधारशिला रखी थी। इसके पहले प्लांट निर्माण के लिए रूस से आए इंजीनियरों के रहने के लिए एलोरा हॉस्टल का निर्माण किया गया। पहले 50 कमरे बने उसके बाद दूसरे चरण में और 50 कमरों का निर्माण किया गया। परिसर में भव्य हॉल बनाकर उसमें होटल का संचालन शुरू हुआ, जिसका जिम्मा बोकारो के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी रहे स्व. रामस्वरूप सिंह को मिला था। स्व. सिंह के पुत्र व्यवसायी अतीन्द्र सिंह एवं पौत्र युवा समाजसेवी अंकित सिंह ने बताया कि एलोरा हॉस्टल का नामकरण स्व. रामस्वरूप सिंह ने किया था। हॉल में होटल का संचालन और कमरों के प्रबंधन का जिम्मा उन्हें ही मिला था। वह जबतक रहे, इसका संचालन उन्हीं के द्वारा किया जाता रहा। बताया जाता है कि बोकारो के दो प्रसिद्ध व्यावसायिक प्रतिष्ठान निरोला और फ्लोरा भी स्व. सिंह की ही देन थी। एलोरा, निरोला और फ्लोरा का नाम उन्होंने ही रखा था।

**सैकड़ों पेड़ चढ़ गए विकास की बलिवेदी पर**

इसकी हरियाली तो उसी समय उजड़ गई जब सड़क चौड़ीकरण और हवाई अड्डा विस्तारीकरण के नाम पर यहां के सैकड़ों पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई। रही-सही कसर चोरों ने पूरी कर दी और अब यह पुरानी विरासत जमींदोज होने को है। वैसे, बोकारो में व्यावसायिक उड़ान की मांग भी काफी पुरानी है, जो पिछले लगभग डेढ़ दशक से इंतजार के रूप में ही है। काम तो काफी आगे बढ़ चुका है और यही कारण है कि प्रबंधन हवाई अड्डा के रन-वे से सटे इलाकों को एहतियातन अवरोधमुक्त कर रहा है।

**अब भी आस... तोड़ने की बजाय जीर्णोद्धार की मांग**

हालांकि, लोगों की यह भी मांग की है अब भी समय है इसे तोड़ने की बजाय इसका जीर्णोद्धार करना चाहिए। यह एक तरफ जहां कई लोगों का बसेरा है, तो दूसरी ओर यह बोकारो की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसके बचाया जा सकता है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि हवाई अड्डा के नाम पर सिर्फ एलोरा हॉस्टल को ही क्यों ध्वस्त किया जा रहा है, इससे ठीक सटे एमडी बंगला को क्यों नहीं? स्व. रामस्वरूप सिंह के पौत्र अंकित ने भी इसे बचाए रखने का आग्रह प्रबंधन से किया। बहरहाल, अब अंततः क्या होता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, फिलहाल इसे लेकर शहर में चर्चा का बाजार गर्म है।

### कालांतर में बदल गई रख-रखाव की व्यवस्था

कालांतर में एलोरा हॉस्टल के रख-रखाव की व्यवस्था बदल गई और होटल बंद हो गया। बाद में बीएसएल प्रबंधन द्वारा इसमें कुछ पत्रकारों को आवास आवंटित किया गया। बीआरएल के कर्मी भी रहने लगे, एचएससीएल के सेवानिवृत्त कर्मियों का भी यह बसेरा बना और कुछ लोगों ने धीरे-धीरे इसके कमरों पर अपना कब्जा भी जमा लिया। जब आवास रहने लायक नहीं रहे, तो वहां वैध तरीके से रहनेवाले लोगों को अन्यत्र आवास आवंटित कर दिया गया। उसके बाद पुलिसकर्मियों और होमगार्ड के जवानों के कब्जे में यहां के आवास आ गए। कुछ दलालों ने तो इस पर कब्जा कर वर्षों तक खूब भाड़े भी वसूले। यहां के हॉल के खिड़की दरवाजे, परिसर में लगे लोहे के गेट चोरों ने गायब कर दिए और आवास जर्जर से बदतर होते चले गए। इसके बावजूद काफी संख्या में लोग यहां रह रहे हैं।

### लोगों ने विधायक से लगाई मदद की गुहार



एलोरा हॉस्टल में रह रहे लोगों ने कार्रवाई रोकने की मांग को लेकर शुक्रवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवास पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। इस दौरान लोगों ने विधायक से कार्रवाई रोकते हुए आवास उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर विधायक ने कहा कि बरसात का मौसम आ रहा है, ऐसे में इस तरह की कार्रवाई रुकनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन और बीएसएल के अधिकारियों से बात भी की।

### प्रबंधन की कार्रवाई अनुचित : बिरंची नारायण

विधायक बिरंची नारायण का कहना है कि प्रबंधन की यह कार्रवाई कहीं से उचित नहीं है। वहीं लोगों का कहना है कि रिटायर कर्मियों को आवास उपलब्ध कराया गया था। एचएससीएल ने आश्वासन दिया था कि जब कभी इन आवासों से उन्हें बेदखल किया जाएगा, उन्हें आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसको लेकर एचएससीएल के रिटायर्ड कर्मी हाईकोर्ट की शरण में जाने की बात कही।

## हिन्दी का सम्मान बनाए रखना हम सभी का दायित्व : ठाकुर

संवाददाता

**चंद्रपुरा**। दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र के तेजस भवन में शुक्रवार को एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ महाप्रबंधक सह- परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर सहित डीवीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे देश में हिन्दी भाषा सभी भाषाओं की जननी है। हिन्दी भाषा का गौरव और सम्मान बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। कोई भी भाषा उस देश की संस्कृति से जुड़ी होती है। हम सभी को प्रण लेना है कि हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस भाषा को गौरव प्रदान करती रहे। वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह ने हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने पर जोर दिया और कहा कि हम सभी को हिन्दी का प्रयोग सभी कार्यों में करने की जरूरत है। समाज और देश की तरक्की के लिए हमें हर हाल में हिन्दी को अपनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि कई विकसित राष्ट्रों ने अपनी मातृभाषा को अपनाकर विकसित होने का गौरव प्राप्त किया है। वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन डी सी पांडेय ने कहा कि हिन्दी का उपयोग कर हम सभी को गौरवान्वित महसूस करने की जरूरत है। महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने कहा कि हिन्दी वैज्ञानिक भाषा है। हम सभी को हिन्दी का उपयोग कर सभी कार्यों का निपटारा करना चाहिए। समारोह का संचालन राजभाषा अधिकारी रवि कुमार सिन्हा व संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। समारोह को महाप्रबंधक अविजीत घोष, प्रशिक्षक डॉ संजय कुमार जायसवाल, डॉ मधु सिंह, उप महाप्रबंधक (प्रशासन) दिलीप कुमार आदि ने भी संबोधित किया। फोटो फाइल : 28बीकेआर3 - प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देते परियोजना प्रमुख।

# आप माननीय हैं, संसद की गरिमा का ख्याल रखें



प्रभुनाथ शुक्ल

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए।

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं बरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजई हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद की जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुईं। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और ब्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया। क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशलमीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है। जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है।



शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायि था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई बरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश की मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए। जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता। शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिए। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए। क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता - विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का इजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मयार्दा के खिलाफ है।

(बरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक )

## संपादकीय

### नारों के निहितार्थ

लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मयार्दा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है। लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने-अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद ह्यश्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबादह्ण के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया। इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने-अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असद्दीन ओवैसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षतः लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे। इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवैसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके। वस्तुतः ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं। इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है, वह इस देश में सांप्रदायिक सद्भाव के स्वप्न को कभी पूरा नहीं होने देगी।



## चिंतन-मनन

### आशा निराशा

एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा।

बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ... ।

मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक -एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो नीलम था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था । प्रकृति और प्रारब्ध ऐसे ही न जाने कितने नीलम हमारी झोली में डालता रहता है जिन्हें पत्थर समझ हम ठुकरा देते हैं।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।

लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मयार्दाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। - **ललित गर्ग**

# दक्षिण अफ्रीका : भारतवंशियों ने चुनाव में गाड़े झंडे



ड़ॉ. आर.के. सिन्हा




भारत में लोक सभा चुनाव के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है कि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है कि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गइ्र। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) की सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते हैं। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा खेडम पार्टी के नेता नरेन्द्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुंचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अखेका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरु वल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अखेका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अखेकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अखेकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नये कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत बड़ा स्त्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। भारत की चोटी की कंपनियों टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अखेका में तगड़ा निवेश है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी रु चि जताई है। अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग और कोल्ड चेन, पर्यटन एवं होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अखेकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।

अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अखेका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। दिल्ली में अखेका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्त्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नाम पर भी सड़क हैं। क्वामें नकरूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधानमंत्रित्व काल की सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ्रीकी देशों से संबंध और मजबूत और स्थायी करेगी।



# पेट की गैस

## कहीं बड़ी समस्या में न बदल जाए

आजकल पेट में गैस बनना एक साधारण बात हो गई है। पाचन तंत्र में विकार उत्पन्न होने की वजह से उदर और आंतों में गैस की समस्या उत्पन्न हो जाती है है। गैस बनना किसी रोग का लक्षण भी हो सकता है। अधेड़ उम्र के लोग इससे अधिक पीड़ित रहते हैं। क्योंकि इस उम्र में पाचन क्रिया कमजोर होने लगती है। लोग अक्सर इसे आम समस्या समझकर नजर अंदाज कर दिया करते हैं।

**गैस** उदर या आंतों में बनती है। उदर व आंत शरीर के वे भाग हैं जिसमें आहार का पाचन होता है। पाचन के लिए आमाशयिक रस की जरूरत होती है। अमाशयिक रस में एंजाइम, पेप्सिन, लाइपेज और रेनिन होते हैं। पेप्सिन, हाइड्रो क्लोरिक अम्ल के साथ मिलकर प्रोटीन को पेप्टीन में बदलता है। रेनिन, दूध के केसीनोजन को गाढ़ा करता है और लाइपेज वसा का पाचन कराता है। अमाशयिक रस द्वारा ही कुछ विषैले पदार्थ जैसे विष, धातु, अल्केलोइड्स आदि निकलते हैं। अनावश्यक जीवाणुओं व कीटाणुओं का नाश भी अमाशयिक रस के द्वारा ही होता है। खाने की चीजों के पाचन के लिए अमाशयिक प्रक्रिया के दौरान पोषक तत्व सोख लिए जाते हैं, और अनचाहे अवशेष मलमूत्र के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। पाचन क्रिया के तहत रासायनिक प्रक्रिया होती है और गैस बन जाती है। गैस का अधिक या कम बनना पाचन शक्ति, व्यक्ति की आयु, शारीरिक और मानसिक रोग और खाने की चीजों के मिश्रण आदि पर निर्भर होता है।

पेट की गैस दो प्रकार की होती है। एक तो वह जो भोजन करते समय हमारे पेट में पहुंच जाती है। जैसे? नाइट्रोजन, ऑक्सीजन। दूसरी कार्बन डाइआक्साइड, हाइड्रोजन और मीथेन है जो पाचन प्रक्रिया के दौरान आंतों में बनती है। एक स्वस्थ व्यक्ति में ये गैसें कम मात्रा में होती हैं जो कि मलद्वार या डकार से आसानी से बाहर निकल जाती हैं। परन्तु अधिक मात्रा में गैस बनने और पाचन क्रिया के दौरान इसके भोजन में मिलने के कारण इससे कष्ट देने वाले लक्षण पैदा होने लगते हैं। इन लक्षणों में मुख्य है। खाना खाने के एक या दो घंटे पश्चात पेट में भारीपन महसूस होता है और सांस लेने में भी तकलीफ होती है तथा मलद्वार से अधिक गैस निकलने के कारण आंतों में अनपचे कार्बोहाइड्रेट का बैक्टीरिया द्वारा फर्मेंटेशन होता है। ये गैसें अधिकतर हाइड्रोजन कार्बन डाईआक्साइड और मीथेन होती हैं। सामान्यतः इनमें कोई गंध नहीं होती।

पेट के दर्द की वजह गैस नहीं है। दर्द आंतों की गतिशीलता में कमी की वजह से होता है। ज्यादा गैस बनना किसी गंभीर रोग से संबंधित हो सकता है। खट्टी डकारें आना, पेट का फूलना और मलद्वार से दुर्गंधमय गैस निकलने को नजरअदांज नहीं किया जाना चाहिए। इन का पूरा इलाज होना जरूरी है। उदर के रोग जैसे गैस्ट्राइटिस, पेट में अल्सर या पेप्टिक कैंसर, आंतों के रोग एंट्राइटिस, अल्सर, एमीबाइसिस तथा जिआर्डिएसिस आदि से भी गैस की समस्या हो सकती है।

इसके अलावा हवाई यात्रा में भी गैस विकार की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हवाई यात्रा के दौरान इस रोग से ग्रस्त लोगों को अधिक सावधानी की आवश्यकता होती है क्योंकि हवाई जहाज में वायुमण्डल का दबाव कम होने के कारण उदर की गैस आयतन में तीस प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है और कष्टदायक लक्षण सामने आने लगते हैं।

मुंह और सांस लेने के अंगों में विकारों की वजह से भी गैस की समस्या हो सकती है। नाक, सांस में बाधा, टौंसिल और एडिनाइड का इलाज आसानी से संभव हो सकता है और अगर गैस की समस्या इनके कारण से हो तो उसे दूर किया जा सकता है। इसी तरह दांतों के विकार और कृत्रिम दांतों की बनावट के कारण होने वाले विकार भी गैस के लक्षण हो सकते हैं।

शिशुओं में भी गैस विकार की समस्या पाई जाती है। शिशु मां से या बोतल से दूध पीते समय मुंह से हवा अंदर ले लेते हैं। इस प्रकार दूध के साथ-साथ आक्सीजन और नाइट्रोजन गैसें भी उनके पेट में पहुंच जाती हैं। यदि पेट में गैस ज्यादा मात्रा में हो जाती है तो वह दूध पीना छोड़ देता है और बेचैनी महसूस करता है, रोने लगता है और यदि यह गैस समय पर डकार द्वारा नहीं निकलती है तो या तो शिशु उल्टी कर देता है या फिर उसे असमय ही गैस के साथ मल हो जाता है।

गैस निकालने के लिए बच्चे को दूध पिलाने के बाद कंधे से लगाकर पीठ थपथपानी चाहिए, जब तक कि वह डकार न ले ले। गैस के विकार से होने वाली समस्या से बचने के लिए खाने?पीने में सफाई की आदत की जरूरत होती है। जल्दी-जल्दी जरूरत से ज्यादा खाना, खाते समय, चिंता या मानसिक तनाव से ग्रस्त होना, भोजन के समय बीच-बीच में ज्यादा पानी पीना आदि गैस की परेशानी को और अधिक बढ़ाते हैं। जुलाब की गोलियों का बार-बार इस्तेमाल भी हानिकारक होता है।



गैस के अलग-अलग शारीरिक और रोगात्मक कारण होते हैं इसलिए हर किसी के लिए एक सा भोजन उपयुक्त नहीं होता। जिन खाने की चीजों से गैस बनने की संभावना हो उनसे बचना चाहिए। कोका कोला, पेप्सी, सोड़ा आदि पेय ज्यादा गैस पैदा करते हैं क्योंकि इन सब में कार्बन डाईआक्साइड तथा सोड़े की मात्रा ज्यादा होती है। ऐसी खाने की चीजों से भी बचना चाहिए जिन में लेक्टोज की मात्रा ज्यादा होती है। बच्चों को लेक्टोज रहित आहार के तहत न्यूट्रा माइजेन जैसे एमिनो एसिड, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेट या फिर सोयाबीन का दूध दिया जा सकता है। बड़ों को सभी प्रकार के दूध, आइस्क्रीम, चीज, दूध से बनी मिठाई, दूध से बने पेय, सफेद ब्रेड, बिस्कुट, क्रीम सूप, क्रीम युक्त व्यंजन और ठंडे मांसाहार से बचना चाहिए।

कुछ सब्जियां और फल भी अधिक गैस बनाते हैं। फूल गोभी, पत्ता गोभी, सूखी फलियां, ककड़ी, हरी मिर्च, सलाद, मटर, मूली, प्याज, कच्चे सेब, तरबूज, खरबूजा आदि अधिक गैस बनाते हैं। तले हुए या वसायुक्त पदार्थों से भी ज्यादा गैस बनती है। इनके इस्तेमाल से आंतों में कार्बन डाईआक्साइड बनती है।

अन्य रोगों की तरह गैस विकार की समस्या पर काबू पाने के लिए भी नियमित व्यायाम और योगाभ्यास लाभदायक होते हैं। सुबह शाम 2-4 किलोमीटर तक घूमना गैस की समस्या को दूर करने के लिए अच्छा व्यायाम है। इससे रक्त संचार भी ठीक बना रहता है। पाचन शक्ति भी सही रहती है। मानसिक तनाव से दूर रहते हुए शांति से सादा भोजन, इसका सबसे बड़ा इलाज है।

खाना खाते वक्त कम पानी पीना चाहिए। क्योंकि अधिक पानी पाचन के लिए हानिकारक होता है। रात को देर से भोजन करना भी गैस की समस्या को बढ़ाता है। भोजन को ठीक से पचने के लिए 6-8 घंटे लगते हैं। इसके लिए पूर्ण आराम और 7-8 घंटे की नींद आवश्यक होती है। इन सावधानियों को बरतने के बाद भी यदि गैस से पीछा न छूटे तो किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।

## सेहत की कुछ बातें



बाल्यावस्था के दिन मौज–मस्ती और नटखटपन के होते हैं। हालांकि इसी अवस्था में शरीर का सही विकास भी होता है। इसलिए इस उम्र में बच्चों के खानपान पर समुचित ध्यान देना चाहिए। यह माता–पिता और अभिभावकों का दायित्व है कि वे अपने बच्चों में सेहत के प्रति सजगता की आदत बचपन से ही डालें। बाल्यावस्था में बच्चों में मोटापा, वजन कम होना, एनीमिया और दांतों संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। कुछ बच्चों में व्यवहार सीखने संबंधित समस्याएं भी पैदा होती हैं। ऐसे बच्चों को अपनी उम्र के अन्य बच्चों के साथ घुलने–मिलने में दिक्कत होती है।

### बहुत जरूरी है नाश्ता

सुबह का नाश्ता करने के लिए बच्चों को अवश्य प्रोत्साहित करें। ज्यादातर बच्चे स्कूल जाने से पहले अच्छी तरह नाश्ता नहीं करते। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों को संतुलित और पौष्टिक नाश्ता करवाकर ही स्कूल भेजें। बच्चे को दिन में तीन मुख्य आहार और दो से तीन बार स्नैक्स जरूर देने चाहिए। स्नैक्स का सबसे अच्छे विकल्प फल हैं। ड्राई फरूट्स भी स्नैक्स के अच्छे विकल्प हैं।

### स्कूल भी ध्यान रखें

ज्यादातर स्कूल की कैंटीन में खानपान की स्वास्थ्यकर वस्तुएं उपलब्ध नहीं होतीं। यहां समोसा, चाऊमिन और बर्गर आदि वस्तुएं ही उपलब्ध होती हैं। ये वस्तुएं कभी-कभी खायीं जाएं तो ही ठीक रहता है। प्रतिदिन जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन बच्चों की सेहत के लिए सही नहीं रहता है। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चे को स्वास्थ्यप्रद वस्तुओं से युक्त टिफिन बाक्स देकर ही स्कूल भेजें।

### सामाजिक समारोह

बदलते दौर में माता-पिता के साथ बच्चे भी सामाजिक समारोहों में बढ़-चढ़कर शिरकत करते हैं। मसलन, बर्थ-डे पार्टी में जाना, पिकनिक पर जाना, शॉपिंग मॉल आदि जगहों पर जाना। इन स्थानों पर खाने-पीने की जो वस्तुएं उपलब्ध होती हैं, उनमें से ज्यादातर स्वास्थ्यकर नहीं होतीं। ऐसे स्थानों पर बच्चों को एक बेहतर विकल्प चुनने की राय देनी चाहिए।

### मोटापा

अपने देश में बाल्यावस्था में होने वाले मोटापे की समस्याएं बढ़त पर हैं। आप बच्चे में खानपान से संबंधित अच्छी आदतें डालकर उन्हें मोटापे से बचा सकती हैं। इसके लिए उन्हें शुगर युक्त खाद्य पदार्थो से दूर रखें और उनके आहार में सब्जियां व फलों की मात्रा बढ़ाएं। बच्चे को यह भी समझाना चाहिए कि उसे मिठाइयों व ऐसे पेय पदार्थो से दूर रहना चाहिए, जिनमें शुगर ज्यादा रहती है। बच्चे को फल व सब्जियां खाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि पहले से ही आपका बच्चा मोटा है तो उसे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### वजन कम होना

कुछ बच्चों का वजन लंबाई के अनुपात में काफी कम होता है। कुछ बच्चों की आदत कम खाने की होती है। उनकी यह प्रवृत्ति माता-पिता के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। ऐसे बच्चों के बारे में माता-पिता को यह मालूम करना चाहिए कि उन्हें कौन से खाद्य पदार्थ पसंद हैं। संभव है कि पसंदीदा खाद्य पदार्थ न मिलने के कारण वे कम खाते हों। उन्हें प्यार से समझाकर स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन दें। अगर बच्चे का वजन कम है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप उसे शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो को खाने की अनुमति प्रदान करें। शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो का अधिक सेवन नुकसानदेह ही होता है।

### दांतों की समस्या

दांतों में दर्द होना और कीड़ा लगना एक आम समस्या है। इस समस्या से बचने के लिए बच्चों में यह आदत डालें कि वे रात में भी सोने से पहले टूथब्रश करें। रात में शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो को कम से कम खाने की सलाह दें।

### खून की कमी

खून की कमी अर्थात एनीमिया से ग्रस्त बच्चे थोड़ा सा काम करने पर थकान महसूस करने लगते हैं। उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती। इसके चलते बच्चों की मानसिक क्षमता भी कम होने लगती है। एनीमिया की कमी दूर करने के लिए बच्चों को हरी पत्तेदार सब्जियां दें। इसके अलावा उन्हें प्रतिदिन थोड़े से ड्राई फरूट्स भी खाने को दें। इससे उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती बनी रहती है।





# जिंदगी के 14 साल कम कर देगी आपकी यह गलती

अगर आप अपने बढ़ते वजन पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं, न तो डाइट सेहतमंद लेते हैं और न ही खुद को फिट करने के लिए कसरत करते हैं तो आप अपने जीवन के 14 साल कम कर रहे हैं।यकीन नहीं आता तो अमेरिका के नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट द्वारा करवाए गए शोध पर गौर करें। शोधकर्ता का दावा है कि मोटापे के शिकार वे लोग जिनका बीएमआई 40 से अधिक है, उनका जीवनकाल 14 साल घट जाता है।

**कई रोगों का है खतरा** – पिछले 20 अलग-अलग शोधों के आधार पर किए गए इस अध्ययन में अत्याधिक मोटापे के कारण दिल के रोगों, कैंसर और डायबिटीज जैसे रोगों की आशंका जताई है। उन्होंने अपने अध्ययन में अधिक बीएमआई वाले लोगों के वजन की तुलना सामान्य वजन वाले लोगों से की है और इसी आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। शोधकर्ता कैरी कितहारा के अनुसार, हमने अपने अध्ययन में पाया कि मोटापे की समस्या जिन लोगों को है उनकी मृत्यु दर सामान्य वजन वाले लोगों की अपेक्षा 2.5 गुना अधिक है।

**ये उपाय हैं मददगार** – शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में माना है कि खानपान और जीवनशैली पर नियंत्रण, कसरत और सेहतमंद डाइट की मदद से वजन को नियंत्रित रखा जा सकता है और असमय मृत्यु के रिस्क को कम किया जा सकता है।

# नवजात शिशुओं को रोगों से बचाएगी यह नई थेरेपी



जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे नवजात शिशुओं को कूलिंग थेरेपी देने से उन्हें सेरेब्रल पॉल्सी जैसी बीमारी से बचाया जा सकता है।

प्रसिद्ध शोध पत्रिका न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन के एक अध्ययन में यह पता चला है। इस शोध के अनुसार स्कूल जाने की उम्र में इन बच्चों का आईक्यू (इंटेलीजेंस कोशेंट) भी बेहतर होता है।

कूलिंग थेरेपी में नवजात शिशु को एक खास मैट पर तीन दिन तक 33 डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा जाता है। इससे उनका दीर्घकालिक मानसिक क्षति से बचाव होता है।

ब्रिटेन में हर 500 में से एक नवजात शिशु को जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी का सामना करता है।

ऑक्सीजन की कमी के कारण मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं। इससे बच्चों के दिमाग़ को क्षति पहुंच सकती है, यहां तक कि कई बार उनकी मौत का ख़तरा भी रहता है।

कुछ समय पहले तक इस बीमारी का कोई स्वीकार्य तरीका नहीं था।

जीवित रहने की संभावना

साल 2009 में 300 से अधिक नवजात शिशुओं पर एक अध्ययन हुआ। उन्हें कूलिंग ट्रीटमेंट या थेरेप्युटिक हाइपोथर्मिया दिया गया।

इसके बाद पाया गया कि 18 महीने के शिशुओं में होने वाली मस्तिष्क की क्षति कम की जा सकती है।

कूलिंग थेरेपी वाले 45 फ़ीसदी नवजात शिशुओं में मस्तिष्क से जुड़ी कोई असामान्यता नहीं मिली। जबकि सामान्य उपचार वाले 28 फ़ीसदी बच्चों में दिमाग़ से जुड़ी असामान्यता पाई गई।

इसी तरह सामान्य थेरेपी वाले 36 फ़ीसदी बच्चों की तुलना में कूलिंग थेरेपी वाले केवल 21 फ़ीसदी नवजात शिशुओं में ही सेरेब्रल पॉल्सी पाई गई।

शोधकर्ताओं के मुताबिक़ अब अगला क़दम यह देखना होगा कि हाइपोथर्मिया के इलाज और सामान्य जीवित रहने की संभावना कैसे बढ़ाई जा सकती है।



# चिंटू-मुकेश से दूसरे दिन भी सीबीआई की पूछताछ जारी

## पेपर लीक मामले में हजारीबाग के प्रिंसिपल से गेस्ट हाउस में हो रहे सवाल-जवाब

**पटना।** नीट पेपर लीक में चिंटू और मुकेश कुमार से एऊ की पूछताछ जारी है। शुक्रवार को टीम दोनों को पटना के अलग-अलग ठिकानों पर लेकर पहुंची है। एजेंसी पेपर लीक को लेकर साक्ष्य पुख्ता कर रही है। इधर, झारखंड के हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक से तीसरे दिन भी पूछताछ जारी है। चरही गेस्ट गेस्ट हाउस में प्रिंसिपल से पूछताछ हो रही है। इससे पहले नीट पेपर लीक मामले में CBI ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया था। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े






मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले 3 दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (एडव) से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक 5 राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं। की टीम गुरुवार को दोपहर 1 बजे पटना की जेल पहुंची। यहां आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार का मेडिकल कराया और उन्हें 8 दिन की रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि टीम दोनों को अलग-अलग लोकेशन पर ले जाकर पूछताछ करेगी। CBI ने 26 जून को चिंटू और मुकेश को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद दोनों की 8 दिन की रिमांड मिली थी। चिंटू नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का रिश्तेदार है। दावा है कि चिंटू के मोबाइल पर ही पेपर आया था, जबकि मुकेश गाड़ी से कैंडिडेट्स को उस स्कूल में ले गया था, जहां सवालों के जवाब रटवाए गए थे। CBI की टीम झारखंड में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को एक बार फिर स्कूल लेकर गई। मड़ई रोड स्थित स्कूल में 2 घंटे पूछताछ के बाद टीम प्रिंसिपल को लेकर वापस चरही स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस पहुंची।सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 3 मई को क्वेश्चन पेपर कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। ऐसे में संदेह का दायरा बढ़ रहा है कि क्वेश्चन पेपर का पैकेट खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है। हालांकि, इस जानकारी पर CBI की ओर से कोई कमेंट नहीं आया है।

# राजपुर सीओ के आवेदन पर बिडिसी सदस्य गिरफ्तार



**बक्सर।** के बारूपुर पंचायत समिति सदस्य अली शेर को राजपुर सीओ से मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजपुर थाना द्वारा सीओ के द्वारा दिए गए आवेदन पर एफआइआर दर्ज कर पंचायत समिति सदस्य अली शेर की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी किया जा रहा था। जिसे गिरफ्तार करने में गुरुवार की शाम सफलता मिली ही।जिसकी जानकारी राजपुर थाना प्रभारी द्वारा दिया गया है।हालंकि राजपुर के बिडिसी सदस्यो द्वारा डीएम को आवेदन देकर सीओ के आरोप को बेबुनियाद बता न्याय की गुहार भी लगाया गया था। घटना 13 जून की है। गाली-गलौज और मारपीट का लगाया आरोप बारूपुर पंचायत समिति सदस्य अलीशेर साह के खिलाफ राजपुर अंचल पदाधिकारी शोभा कुमारी ने राजपुर थाना में आवेदन दे यह आरोप लगाया था की बीडीसी सदस्य अलीशेर साह द्वारा कार्यालय में पहुंचकर धमकी दिया गया। जिसके बाद अभद्रता करने के साथ ही सरकारी कामकाज में बाधा पैदा करने और गाली देने के अलावा मारपीट की गई है। जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज कर लिया गया और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बताया गया की अली शेर की जब सीओ से लेकर बहस हुआ था तो उस दौरान बहुत सारे कर्मी भी उपस्थित थे। जबकि, पंचायत समिति सदस्य अली शेरशाह ने बताया कि वह अपने पंचायत के एक व्यक्ति के कार्य के लिए गुहार लगाने सीओ के पास गया था। जिस पर अंचल अधिकारी द्वारा कार्यालय से बाहर निकलने की धमकी दी गई और झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। जिसके बाद 15 जून को राजपुर प्रखंड के एक दर्जन से अधिक पंचायत समिति के सदस्यों ने डीएम और एसपी को लिखित आवेदन देकर इस मामले में न्याय की गुहार लगाई गई थी।

# परीक्षा पास कीजिए या नौकरी छोड़ दीजिए

**बिहार।** 85 हजार नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने बिहार के प्रारंभित शिक्षक संघों की सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले पटना हाईकोर्ट से भी इस मामले में नियोजित शिक्षकों को झटका लगा था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि सरकार के नियमों के मुताबिक, उन्हें सक्षमता परीक्षा देनी ही होगी, अगर परीक्षा नहीं दे सकते तो उन्हें नौकरी छोड़ देनी चाहिए।बिहार



प्रारंभिक शिक्षक संघ और परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने बिहार सरकार के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें सरकार ने नियोजित शिक्षकों को स्थायी करने के लिए सक्षमता परीक्षा आयोजित करने का फैसला लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों शिक्षक संघों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने कौशल को और भी बेहतर करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। नियोजित शिक्षकों की याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने गुरुवार को कहा कि अगर सरकार शिक्षकों को बेहतर बनाने के लिए कोई कदम उठा रही है तो उसका समर्थन करना चाहिए। अगर आप इस तरह की परीक्षाओं का सामना नहीं कर सकते तो नौकरी छोड़ देनी चाहिए।

# छोला-भटूरा और ऑटो रिपेयर दुकान से दो बाल श्रमिक मुक्त

**मधुबनी।** मधुबनी के राजनगर प्रखंड में बाल श्रमिकों की विमुक्ति के लिए धावा दल के द्वारा विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के क्रम में छोला भटूरा की दुकान रांटी चौक से एक बाल श्रमिक एवं शत्रुध्न ऑटो रिपेयर नरकटिया चौक से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, मधुबनी के समक्ष उपस्थापित कर निदेर्शानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही



है।धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजनगर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रहिका एवम श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आंध्रठाढी शामिल थे। श्रम अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है। बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को ₹20000 से ₹50000 तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक के कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एम सी मेहता बनाम तमिलनाडु सरकार 1996 में दिए गए आदेश के आलोक में नियोजकों से ₹20000 प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जाएगी।

इसे जिलाधिकारी के पदनाम से संधारित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा किया जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### शहर में लगे 64 सीसीटीवी कैमरे में से 30 खराब




**दरभंगा ।** शहर की निगरानी करने वाली तीसरी आंख अब बंद होने की कगार पर है। शहर के महत्वपूर्ण जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे में से आधा से ज्यादा खराब हो गए हैं। दर्जनों मुख्य स्थलों पर कैमरे ही नहीं लगे हैं। इसकी वजह से जाम के अलावा अधिकांश आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। जगह-जगह 64 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके जरिए कंट्रोल रूम से पूरे शहर की गतिविधि पर नजर रखी जाती है। इनमें 30 कैमरे खराब हो गए हैं। शहर के खराब पड़े कैमरे में अधिकतर का फाइबर कटा हुआ है। बचे हुए अन्य कैमरे कहीं झुके हुए हैं तो किसी के तार छूटे हुए हैं। जिसकी वजह से आपराधिक घटनाएं होने पर पुलिस प्रशासन की बेचैनी बढ़ जाती है। यातायात डीएसपी अवधेश कुमार ने नगर निगम व बेल्ट्रॉन को पत्र भेजा है, जिसमें खराब सीसी कैमरे को दुरुस्त कराने के लिए कहा है। शहर के दिल्ली मोड़ बस स्टैंड से हवाई अड्डा, बाघ मोड़, बेला मोड़, लोहिया चौक से सैदनगर होते हुए एकमी चौक, लहेरियासराय बस स्टैंड से पंडासराय गुमटी तक, लहेरियासराय टावर से चट्टी चौक रेलवे गुमटी के दोनों तरफ तक, दोनार रेलवे गुमटी से गंज छिपलिया चौक तक नए कैमरे लगाने का प्रस्ताव दिया है। शहरी क्षेत्र में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर लहेरियासराय टावर, कार्मशियल चौक, रहमगंज, दारू भट्टी चौक, नीम चौक, उर्दू बाजार, चट्टी चौक, सैदनगर पेट्रोल पंप, पंडासराय पेट्रोल पंप, नेहरू स्टेडियम, नाका नंबर छह, डीएमसीएच चौक, मिजार्पुर चौक, बस स्टैंड एक व दो, खानकाह चौक, बेला मोड़, बेला गुमटी आदि स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए गए थे। खराब कैमरे की वजह से शहर में जाम लग रहा है। वहीं आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। छिनतई लूटपाट, मारपीट जैसी घटनाएं कैमरे खराब होने से रिकॉर्ड नहीं हो पाती। जिससे अपराधी घटना को अंजाम देकर शहर से भाग जाते हैं। वही शहर के यातायात थाने के परिसर में लगा कैमरा खराब है। कैमरे की निगरानी के लिए यातायात थाने में आठ टीवी स्क्रीन लगे हुए हैं। जिसमें चार पुलिसकर्मी तैनात हैं। शहर में जाम छुड़ाने को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में एक सौ पुलिस कर्मियों को लगाया गया है जो दो शिफ्टों में कार्य को करते है।जिसमें एसआई पांच, एक इंस्पेक्टर, 94 सिपाही और होमगार्ड लगाए गए है। यातायात थाना के पास तीन गाड़ी उपलब्ध है। यातायात डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि बंद पड़े कैमरे को ठीक करने के लिए बेल्ट्रॉन को पत्र लिखा है। नए कैमरे लगाने के लिए भी मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। जहां कैमरे नहीं हैं, वहां जाम छुड़ाने में थोड़ा ज्यादा समय लग जाता है।

### पति की प्रेमिका ने पत्नी की जहर देकर कराई हत्या



**गया।** गया में पति ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। आरोपी पति ने बताया कि उसका उसकी प्रेमिका से 8 साल से प्रेम संबंध था। कोर्ट में शादी भी कर ली थी, उससे एक बच्चा भी था। इधर, प्रेमिका ने उसे पत्नी को छोड़ने का दबाव डाला। महिला नहीं मानी तो मारने का प्लान किया। सिग्नोफ्लैक्स नाम के पेन किलर कैप्सूल में सल्फास मिलाकर पत्नी को खिलाया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए पति, प्रेमिका और एक झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि प्रेमिका के कहने पर डॉक्टर ने महिला को कैप्सूल के अंदर जहर दिया था। पति ने उसे दवा बताकर पत्नी को खिला दिया जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान पूजा के रूप में हुई थी। पहले मामला खुदकुशी का बताया गया था। आरोपी विक्की, पूनम और डॉक्टर ओमप्रकाश से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टर ने पूनम से इस काम के लिए 50 हजार में सौदा तय किया था। 50 हजार रुपए काम हो जाने के बाद पूनम को देने थे। एडवांस में एक हजार रुपए मिले थे। सुनील कुमार पांडे बताया कि बुधवार को एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया था। इस बीच पूजा के भाई राजा कुमार ने थाने में बताया कि उसकी बहन की हत्या जहर देकर की गई है।

### बदमाशों ने वृद्ध को मारी गोली, गंभीर

**लखीसराय।** के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बिंद टोली गांव में गुरुवार देर शाम वृद्ध को गोली मारकर जख्मी करने का मामला सामने आया है। जिन्हें सूर्यगढ़ा सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित की पहचान सुंदरपुर बिंद टोली निवासी गुदरी बिंद के पुत्र देवनंदन बिंद( 55) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित की पत्नी ने बताया कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। जहां चार की संख्या में आए अपराधी ने पहले उनके साथ वाद-विवाद किया। फिर उसे गोली मारकर फरार हो गए। गोली पीड़ित के पेट में नाभि के नीचे लगा जो फिलहाल अंदर ही बताया जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### सिंचाई परियोजनाएं तय...

इसकी लागत राशि भी काफी ज्यादा होती है और विस्थापन की समस्या पैदा होती है। ऐसे में छोटी-छोटी सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन से इस तरह की समस्याएं नहीं आएंगी।

विस्थापन से जुड़ी समस्याओं का हो समाधान : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में कई बड़ी सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से लंबित हैं। उनके कार्य की गति काफी धीमी है। इन सिंचाई परियोजनाओं की वजह से विस्थापन से जुड़ी कई समस्याएं सामने आती हैं। ऐसे में विस्थापितों की समस्याओं का समाधान हो जाना चाहिए। विस्थापितों के पुनर्वास और मुआवजा से संबंधित मामले लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं को इस तरह से धरातल पर उतारें कि कम से कम विस्थापन की नौबत आए।

सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली आज की जरूरत : सीएम ने कहा कि सौर ऊर्जा से सिंचाई एक टिकाऊ और बेहतर विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है। ऐसे में सोलर सिंचाई प्रणालियों का इस्तेमाल हो। उन्होंने कहा कि सिंचाई पंपों और ड्रिप सिंचाई प्रणालियों को चलाने के लिए इसका इस्तेमाल होना चाहिए। इससे पर्यावरण के साथ पानी की बर्बादी को कम करने और फसल की पैदावार बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसका फायदा है कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली पर अनावश्यक खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### झारखंड के घरेलू...

**इन प्रस्तावों को मिली स्वीकृति :**

- झारखंड कैबिनेट की बैठक में सहजानंद से जज कॉलोनी तक लगभग 3 किलोमीटर की फोर लाने एलिवेटर रोड निर्माण के लिए 430.75 करोड़ की स्वीकृति मिली।
- लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग परिसर में हाई सिक्योरिटी जेल निर्माण के लिए 97 करोड़ 73 लाख की स्वीकृति।
- स्पेशल कंपनसेशन स्कीम के तहत मुठभेड़ के दौरान झारखंड के सभी पुलिस के कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद होने के पर 60 लाख रुपए और जख्मी होने के दौरान इलाज का संपूर्ण खर्च और एयर एंबुलेंस का खर्च उठाया जाएगा।
- चंपाई कैबिनेट मीटिंग में झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी का गठन को मंजूरी मिली। साथ ही शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए इसका गठन किया जा रहा है।
- राज्य सरकार के कर्मियों के महंगाई वेतनमान में बढ़ोतरी। झारखंड क्रीड़ा संवर्ग 2024 का भी गठन किया जाएगा। इसके आलावा कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्रों को मिलेगा सीएम फेलोशिप योजना का लाभ।
- सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि वर्तमान में 33 लाख 44 हजार लाभुकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जेवीबीएनएल के घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। वहीं, 21.7 करोड़ प्रतिमाह राज्य सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। अभी तक 41.4 लाख उपभोक्ता 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे थे।
- मुख्यमंत्री अस्पताल रखरखाव एवं संचालन योजना स्वीकृत के लिए 116 करोड़ की स्वीकृति।
- सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बहन बेटी में मई कुई स्वालंबन प्रोत्साहन योजना की स्वीकृति।
- 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जायेंगे। वार्षिक 5500 करोड़ अनुमानित बजट को मंजूरी मिली है। अनुमानित 45 लाख लाभुक, झारखंड की महिलाओं को लाभ मिलेगा।
- सहजानंद से जज कॉलोनी तक लगभग 3 किलोमीटर की फोर लाने एलिवेटर रोड निर्माण के लिए 430.75 करोड़ की स्वीकृति।

### 16 साइबर अपराधियों...

साइबर थाने में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी को कोर्ट में पेश कराया गया। कोर्ट में पेशी के बाद इन सभी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल पहुंचा दिया।

पुलिस मीडिया सेल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार गिरफ्तार साइबर आरोपितों में सारवां के जलहरा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार राय, पप्पू कुमार यादव, मधुपुर के केसरगढ़ा गांव निवासी निरंजन दास, राजेंद्र कुमार दास, पाथरौल के मलमला गांव निवासी प्रवीण कुमार दास, सिटू कुमार दास, पथरड्डा ओपी क्षेत्र के झुनाकी गांव निवासी विक्रम कुमार दास, धुधुवाजोरी गांव निवासी संजय राणा, बरदेही गांव निवासी अनिल कुमार दास, कुंदन कुमार सुमन, सारठ थाना क्षेत्र के गोबरशाला गांव निवासी रितेश दास, बभनकुंड गांव निवासी राहुल दास, सुमित कुमार दास, चरकमारा गांव निवासी मुन्ना दास व शुभम कुमार दास शामिल है।

### प्राईवेट प्रैक्टिस करने...

रिम्स गवर्निंग बॉडी की नियमित बैठक हो, ताकि उसकी बेहतरी के लिए निर्णय लिये जा सकें। खंडपीठ ने सुझाव दिया कि टेंडर से खरीद के मामले में विलंब हो रहा हो, तो नॉमिनेशन के आधार पर खरीदा जा सकता है। इस दिशा में कार्रवाई होनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव व रिम्स निदेशक से खंडपीठ ने पूछा कि रिम्स की व्यवस्था में कैसे सुधार होगा। आपलोग कौन सा तरीका अपनायेंगे, जिससे रिम्स बेहतर हो सके। खंडपीठ ने प्रधान सचिव व रिम्स निदेशक से कहा कि जो सुझाव है, उसे लिखित में शपथ पत्र के माध्यम से दायर करें। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। मौके पर भवन निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक व भी उपस्थित थे।

रिम्स परिसर से 15 दिनों में हटाया जायेगा अतिक्रमण : इससे पूर्व स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि रिम्स राज्य का प्रीमियर मेडिकल संस्थान है। रिम्स को सरकार प्रतिवर्ष राशि उपलब्ध कराती है। यह भी बताया गया कि रिम्स परिसर के अतिक्रमण को 15 दिनों के अंदर हटाया जायेगा।

चहारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। जो भवन बनाये जाने हैं, उसके काम में तेजी लायी जायेगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दीपक कुमार दुबे ने पैरवी की। वहीं, रिम्स की ओर से अधिवक्ता डॉ. अशोक कुमार सिंह ने पक्ष रखा। बता दें कि, प्रार्थी ज्योति शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर रिम्स की व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की है।

### नीट-यूजी पेपर...

मैं विपक्ष से भी अनुरोध करता हूं कि वे राजनीति से बाहर आएं और चर्चा में शामिल हों।

सदन में नीट मामले पर जमकर हंगामा : शुक्रवार को सदन की कार्यवाही के दौरान नीट मामले को लेकर विपक्षी ने जमकर हंगामा किया। आज जैसे ही लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई नीट मामले को लेकर हंगामा शुरू हो गया। लोकसभा में विपक्ष ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुई धांधली पर चर्चा की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाद में चर्चा करने को कहा इस पर विपक्ष अभी चर्चा करने पर अड़ा रहा। हंगामा बढ़ता देख लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद सदन पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

नीट मुद्दे पर बहस चाहता है विपक्ष : वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने बैठक कर फैसला किया है कि हम नीट के मुद्दे पर सदन में चर्चा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि मैं पीएम मोदी से अनुरोध करता हूं कि ये युवाओं का मुद्दा है, इस पर सही तरीके से चर्चा होनी चाहिए। हालांकि बाद में इस मामले पर धर्मेंद्र प्रधान ने बयान देते हुए कहा कि सरकार सदन में पक्ष रखने को तैयार है।

### सीबीआई ने...

इसके बाद बिहार ईओयू की टीम जांच करने हजारीबाग पहुंची थी। स्कूल में परीक्षा के आयोजन, बैंक और कूरियर की जानकारी ली थी।

**चरही गेस्ट हाउस में पिंसिपल से हुई थी पूछताछ :** 26 जून को नीट-यूजी पेपर लीक मामले की जांच के सिलसिले में सीबीआई की टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉ. एहसान उल हक को अपने साथ ले गयी थी और हजारीबाग के चरही गेस्ट हाउस (सीसीएल) में सीबीआई के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की थी। सीबीआई टीम के 12 सदस्य तीन गाड़ियों से बुधवार को हजारीबाग पहुंचे थे और पूरे मामले की जानकारी ली थी।

हजारीबाग ओएसिस स्कूल में हुई थी नीट की परीक्षा : नीट पेपर लीक मामले की जांच पहले बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम कर रही थी। जांच के सभी दस्तावेज लेने के बाद अब सीबीआई मामले की जांच कर रही है। झारखंड के हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में पांच मई को नीट यूजी की परीक्षा हुई थी। यहां कुल पांच केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। सीबीआई के पदाधिकारियों ने बारीकी से पूरे मामले की जांच की। न सिर्फ ओएसिस स्कूल में परीक्षा संचालन की जानकारी ली गयी, बल्कि नीट का प्रश्न पत्र हजारीबाग आने और वहां से बैंक तक ले जाने के साथ-साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की जानकारी ली थी। इसके बाद ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल को कस्टडी में लेकर सीबीआई ने पूछताछ की थी।

## ईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुए हादसे में एक की मौत, 8 घायल

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 (डोमेस्टिक ) पर शुक्रवार सुबह शेड का बहुत बड़ा हिस्सा गिरने के कारण 9 लोग इसकी चपेट में आ गए। इनमें से रोहिणी (दिल्ली) निवासी आशीष (32) नामक एक कैब चालक की मौत हो गई जबकि अन्य घायलों का इलाज मेदांता अस्पताल (गुरुग्राम) में चल रहा है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल कंट्रोल रूम को 5:30 बजे के आसपास सुबह सूचना मिली थी। मौके पर तुरंत अलग अलग दमकल स्टेशनों से कई गाड़ियां भेजी गईं। वहां पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एक-एक करके पहले तीन लोगों को निकाला गया। उसके बाद और लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया। मौके पर असिस्टेंट डिविजनल ऑफीसर रविनाथ को भेजा गया था। दमकल की टीम के अलावा पीसीआर कैट्स टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। इस मामले में पुलिस की तरफ से जानकारी देते हुए डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि यह हादसा भारी बारिश के कारण टर्मिनल 1 डोमेस्टिक एयरपोर्ट के बाहरी हिस्से में हुआ। प्रस्थान गेट नंबर 1 से 2 के बीच शेड का बहुत बड़ा हिस्सा नीचे गिर गया। चार गाड़ियां शेड के नीचे दब गईं और कई लोग इसमें चपेट में आ गए थे। इनमें से एक शख्स की मौत हो गई। मौके पर दिल्ली पुलिस के साथ दमकल, सीआईएसएफ और एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू कार्य को अंजाम दिया।

## मोइनुल हक स्टेडियम में अत्याधुनिक और उच्चस्तरीय सुविधाएं होंगी : बीसीए अध्यक्ष

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने गुरुवार को कहा कि पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में अत्याधुनिक और उच्चस्तरीय सुविधाएं होंगी। स्टेडियम को विश्वस्तरीय बनाने में 550 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक के बाद बीसीए कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मोइनुल हक स्टेडियम में एक विश्व स्तरीय मैदान के साथ पांच सितारा सुविधा युक्त आवासीय परिसर, क्लब हाउस सहित अनेक सुविधाएं होंगी। इस बात पर भी विचार किया जा रहा है कि एनसीए की एक शाखा बिहार में स्थापित हो। बीसीए अध्यक्ष ने बताया कि बीसीसीआई के इंडोर स्टेडियम को भी मोइनुल हक स्टेडियम में बनाया जाएगा जिसमें अत्याधुनिक जिम व स्विमिंग पूल आदि होंगे। सरकार की तरफ से मोइनुल हक स्टेडियम को क्रिकेट संघ को सौंपने की सैद्धांतिक सहमति के बाद बिहार सरकार ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर स्थानीय स्तर पर बीसीसीआई से संबद्ध इकाई के बारे में जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने बिहार सरकार को लिखे पत्र में बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना, बिहार ही बीसीसीआई की अधिकृत इकाई है जिसके अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी हैं। मोइनुल हक स्टेडियम के निर्माण कार्य के संदर्भ में बीसीए अध्यक्ष ने कहा कि सितंबर से कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। बिहार क्रिकेट लीग कराने के विषय पर बीसीए अध्यक्ष ने कहा कि इसके लिए एक अलग कमेटी काम कर रही है। कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में सत्र 2024-25 में बोर्ड मैचों के आयोजन और प्रबंधन के संदर्भ में आवश्यक निर्णय लिए गए तथा बीसीए द्वारा कराए जा रहे घरेलू टूर्नामेंट पर संतोष व्यक्त किया गया।

# पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद जैन ने किया दावा : किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं जंगल में छुपे आतंकी

जम्मू । जम्मू संभाग में आतंकियों के सात दल सक्रिय हैं । ये दल अलग-अलग इलाकों में बड़े हमले को अंजाम देने की कोशिश में हैं। यह दावा पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद जैन ने किया । उन्होंने कहा कि राजौरी, पुंछ, डोडा और किश्तवाड़ में ये आतंकी सक्रिय हैं। तीन से चार दल डोडा, किश्तवाड़ में सक्रिय हैं । ये जंगल में छिपे हैं । आतंकियों को ढेर करने के लिए लगातार अलग-अलग इलाकों में सेना और पुलिस मिलकर तलाशी अभियान चल रही हैं । जैश के तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता है । सूत्रों का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकी इलाके में सक्रिय छह से सात दहशतगर्दों के समूह का हिस्सा हैं अथवा कोई नया ग्रुप घुसपैठ करके आया है । इस बारे में अभी जांच चल रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुवार को जिनकी संपत्ति जब्त की गई, वह सभी पट्टन तहसील के रहने वाले हैं। इसमें बशीर अहमद गनई निवासी तिलगाम, मेहराजुदीन लोन निवासी खारगाम, गुलाम मोहम्मद यतु निवासी तिलगाम, अब्दुल रहमान बट निवासी वनिगाम पायीन और अब्दुल रशीद लोन निवासी सतरीसीरन हैं । पुलिस ने बारामुला में आतंकियों के पांच सहयोगियों नौ कनाल (एक एकड़ से अधिक) जमीन कुर्क कर ली ।

# यात्री ने फ्लाइट के टॉयलेट में जलाई सिगरेट, थाने में हुआ केस

मुंबई । दिल्ली से मुंबई जाने वाली इंडिगो फ्लाइट के टॉयलेट में एक व्यक्ति सिगरेट पीने लगा । सिगरेट जलाते ही स्मोक सेंसर सक्रिय हो गया । यात्री के बाहर आने पर केबिन क्रू ने टॉयलेट चेक की तब वहां जली हुई सिगरेट मिली । विमान की मुंबई में लैंडिंग के बाद यात्री को थाने ले जाकर केस दर्ज कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना दिल्ली से मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में हुई । 176 यात्रियों को लेकर फ्लाइट ने शाम करीब 5.15 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरी । मुंबई एयरपोर्ट पर लैंडिंग से करीब 50 मिनट पहले यूपी निवासी 38 वर्षीय खलील कजम्मुल खान नाम का यात्री टॉयलेट गया । तभी खान विमान के टॉयलेट के अंदर सिगरेट पीने लगा । जैसे ही सिगरेट चलाई, तभी स्मोक सेंसर ने केबिन क्रू को अलर्ट कर दिया । केबिन क्रू ने इस बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी । चालक दल के सदस्यों ने यात्री से पूछताछ की तब खान ने टॉयलेट के अंदर स्मोकिंग करने की बात भी स्वीकार की । विमान के लैंड होते ही खलील कजम्मुल खान को सहार पुलिस थाने ले जाया गया ।

# बस पर आतंकी हमले के बाद वैष्णो देवी के दर्शन करने कम पहुंच रहे श्रद्धालु

**-सरकार ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही नजर**

नई दिल्ली । पिछले दिनों श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई है । पहले रोज करीब 50 से 55 हजार श्रद्धालु आते थे लेकिन कटरा में आतंकी हादसे के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या घटकर 25 से 30 हजार रह गई है । वहीं, अब 29 जून से अमरनाथ यात्रा भी शुरू हो रही है । तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था आज कश्मीर पहुंचेगा । यात्रा को लेकर सरकार ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं । आतंकी गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के लिए पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है । उधर, सरकार ने माता वैष्णो देवी जाने वाले मार्गों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है । इस बीच सरकार और श्राइन बोर्ड ने भी अपील की है कि वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालु बिना किसी डर के आएं । श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट के बाद कटरा मेन बाजार में ग्राहकी धीमी है । भक्तों की रौनक कम ही दिखाई दे रही है । एक दुकानदार का कहना है कि आतंकी हमलों के बाद दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी कम है। खरीदारी के लिए आने वाले लोग भी नहीं आ रहे हैं । जून माह में छुट्टियां होने के कारण हर साल लाखों श्रद्धालुओं बड़ी संख्या यहां पहुंचते थे लेकिन आंतकी हमले से लोग डरे हैं और इस कारण बाजार की रौनक खत्म हो गई है ।

# जलभराव के बाद सड़क पर भाजपा पार्षद ने चलाई नाव, सरकार पर लगाये आरोप

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार तड़के मूसलाधार बारिश से कई इलाके डूब गए । सड़कें तालाब बनी गई और इससे सड़क और वायु यातायात प्रभावित हुआ है । वहीं दिल्ली बीजेपी के पार्षद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें रविंद्र सिंह नेगी सड़क पर पानी में नाव चलाते नजर आ रहे हैं। पार्षद नेगी ने दिल्ली में जलभराव को लेकर कहा कि पीडब्ल्यूडी का नाला ओवरफ्लो है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने मानसून से पहले नालों की सफाई नहीं करवाई। हम सदन में बार-बार इस मुद्दे को उठाते रहे हैं, लेकिन आप सरकार को शर्म तक नहीं आती। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार है। दिल्ली के लोग बेहाल हैं, विनोद नगर पूरा डूब गया है लेकिन इनके कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है । बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में बारिश लोगों के लिए राहत के साथ ही आफत बन गई है । भारी बारिश के बाद सड़कें तालाब की तरह नजर आ रही हैं । वहीं दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि चार लोग घायल हो गए हैं । बारिश के बाद दिल्ली और आसपास के कई इलाकों में पानी भर गया है। सफदरजंग में आज सुबह 8-30 बजे तक 228.1 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# बीमा की रकम के लिए मानसिक विक्षिप्त को बेटे के कपड़े पहनाकर जिंदा जलाया 18 साल बाद हुआ मामले का खुलासा

आगरा। कुकर्म कभी छिपता नहीं है। इसकी नजीर वो पाखंडी व्यक्ति बना है जिसने एक मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति को खुद के बेटे के कपड़े पहनाकर कार में जिंदा जला दिया । उसकी मौत हो गई तो बीमा कंपनी से 56 लाख रुपए ले लिए । अंततः 18 साल बाद यह पाप उजागर हो गया और आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गया । आगरा के थाना रकाबगंज पुलिस ने 18 साल पुराने हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 18 साल पहले फर्जी मौत दिखा कर बीमा कंपनी से 56 लाख रुपए हड़पे थे । आरोपी ने अपने बेटे की जगह 18 साल के मानसिक विक्षिप्त को कार में जिंदा जलाकर मार दिया था और बीमा कंपनी से क्लेम लेकर गुजरात में पहचान छिपाकर कर रह रहा था। बिजनेस में नुकसान होने पर विजयपाल ने मौत की झूठी साजिश रची थी। विजयपाल ने अपने बेटे अनिल की झूठी मौत दिखा कर बीमा कंपनी से लाखों रुपए ऐंठ लिए और फरार हो गया। विजयपाल ने अपने बेटे अनिल की जगह एक मानसिक विक्षिप्त भिखारी को उसके कपड़े पहनाकर उसकी हत्या कर दी । इसके बाद बेटे के नाम से कराई गई बीमा पॉलिसी का 56 लाख रुपए लेकर गुजरात चला गया। इस सनसनीखेज मामले का नवंबर 2023 में अहमदाबाद की क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके खुलासा किया था । अब आगरा की रकाबगंज पुलिस ने विजय पाल के दोस्त रामवीर को गिरफ्तार किया है। विजय पाल ने दोस्त रामवीर और अभय सिंह के साथ मिलकर यह खौफनाक साजिश रची थी।

# आरबीएसई : अगले साल फरवरी में होगी 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा

अजमेर । राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) ने 2024 सप्लीमेंट्री बोर्ड एग्जाम के साथ अगले साल होने वाले बोर्ड एग्जाम 2025 की तारीख भी जारी की है । राजस्थान बोर्ड 25 जुलाई से सप्लीमेंट्री परीक्षा के प्रैक्टिकल और अगस्त से थ्यौरी परीक्षा आयोजित करेगा, जबकि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 फरवरी से शुरू होंगी । राजस्थान बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान बोर्ड परीक्षा 2025 के तहत सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) की परीक्षा 20 फरवरी और सेकेंडरी परीक्षा (कक्षा10वीं) 27 फरवरी से आयोजित करेगा । इनके आवेदन की तिथियां भी निर्धारित की गई हैं । बोर्ड सचिव ने बताया कि प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार परीक्षा तारीखें निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की सप्लीमेंट्री एग्जाम (प्रैक्टिकल) 25 जुलाई से एवं सप्लीमेंट्री एग्जाम (थ्यौरी) एक अगस्त से शुरू होगी । सप्लीमेंट्री एग्जाम के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख ऑनलाइन सप्लीमेंट्री एग्जाम शुल्क के लिए सामान्य परीक्षा शुल्क एक से 10 जुलाई तक एवं एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित 11 से 18 जुलाई तक होगी ।

# मोदी सरकार के 10 साल के प्रयास.... अगले दशक में आर्थिक महाशक्ति बनेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार की प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ इसके लिए आपूर्ति श्रृंखला केंद्र बनाने और मजबूत जीडीपी दर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ने की वजह से भारत अगले दशक में वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। बीतें 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के कारण देश ने अपनी मजबूत आर्थिक यात्रा शुरू की। चाहे वह लोकल उत्पादों के निर्माण, नए सेमीकंडक्टर संयंत्र, एआई, 5जी, स्टार्टअप, नवाचार और विभिन्न क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं पर जोर हो या फिर श्रमिकों को कुशल बनाना और लाखों नई नौकरियां पैदा करना हो।

इसके बाद पीएलआई योजना से प्रेरित होकर देश के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है। जो मौजूदा 459 बिलियन डॉलर से 1.66 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह वृद्धि पिछले दशक में हुई 175 बिलियन डॉलर की औसत वृद्धि से अधिक है। एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 12 लाख से अधिक नई नौकरियां पैदा हुई हैं और यह 100 बिलियन डॉलर को पार कर गई हैं। अगले पांच वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग 250 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगले कुछ वर्षों में 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत 3 लाख करोड़ से 4 लाख करोड़ रुपये तक निवेश होने का अनुमान है।

संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि तेजी से विकास के लिए भारत के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप सुधारों की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में, भारत 11वें स्थान से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2021 से 2024 तक भारत ने औसतन 8 फीसदी की दर से सालाना वृद्धि दर्ज की है।

# उत्तराखंड सरकार ने 'ग्लेशियर झीलों के लिए एहतियाती कदम उठाने का लिया निर्णय

देहरादून। 'ग्लेशियर झील से उत्पन्न तबाही से सबक लेते हुए उत्तराखंड सरकार ने चिन्हित ऐसी 13 'ग्लेशियर झीलों के लिए एहतियाती कदम उठाने का निर्णय लिया है जो आने वाले समय में बड़ा खतरा बन सकती हैं । उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने बताया कि उपग्रह से मिले चित्रों के आधार पर प्रथम चरण में पांच सबसे खतरनाक झीलों के लिए जल्द ही विशेषज्ञों की टीम भेजी जाएंगी जो उनसे होने वाले खतरे के बारे में पूरा वैज्ञानिक अध्ययन करेंगी । रंजीत सिन्हा ने कहा, ''इन झीलों के लिए हम 'एक्सपेडिशन भेज रहे हैं जिनकी रिपोर्ट के आधार पर वहां पूर्व चेतावनी प्रणाली सहित खतरे को कम करने के उपाय किए जाएंगे। हम झील से खतरे के बारे में पूरा अध्ययन करेंगे और फिर कार्रवाई करेंगे । सिन्हा ने बताया कि दो विशेषज्ञ टीम बनाई गई हैं जिनमें से एक की अगुवाई भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) तथा दूसरे की अगुवाई सी-डैक कर रहा है । उनके अनुसार इन टीम में वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान जैसे तकनीकी एजेंसियों तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल जैसे अर्धसैनिक बल तथा उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी होंगे ।

# प्रति व्यक्ति आय में महाराष्ट्र पिछड़ा, विधानसभा चुनावों में बन सकता है मुद्दा



**-तेलंगाना पहले नंबर पर तो कर्नाटक और हरियाणा भी आगे**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसमें देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना जहां शीर्ष पर है तो वहीं महाराष्ट्र छठें स्थान पर आ गया है, वहीं गुजरात, महाराष्ट्र से आगे है। आर्थिक सर्वेक्षण में सामने आई यह तस्वीर आगामी चुनावों में महायुति सरकार के घटक दलों के लिए सिरदर्द बन सकती है। लोकसभा चुनावों में महाविकास आघाडी ने महाराष्ट्र का विकास नहीं होने और राज्य से उद्योग-धंधे गुजरात जाने को मुद्दा बनाया था।

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने हीरे का कारोबार सूरत शिफ्ट होने और सेमीकंडक्टर प्लांट को गुजरात जाने पर बीजेपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को घेरा था। महाराष्ट्र आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में सामने आया है कि राज्य प्रति व्यक्ति आय में छठवें नंबर पर है। महाराष्ट्र में प्रति व्यक्ति की आय 2,52,389 रुपए बताई गई है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना पहले नंबर पर है तो वहीं दूसरी नंबर पर कर्नाटक और फिर हरियाणा है।

महाराष्ट्र के गुजरात के पीछे होने को महाविकास आघाडी मुद्दा बना सकती है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 2021-22 में बड़े उछाल के बाद महाराष्ट्र का विकास इंजन धीमा हो गया है। महामारी में अर्थव्यवस्था तो बनी लेकिन बची भी और कायम भी रही। इसके बाद इसके बढ़ने की उम्मीद थी, शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। यह चिंता का कारण होना चाहिए। वित्तीय वर्ष 2021-2022 और पिछले आर्थिक सर्वेक्षण में महाराष्ट्र प्रति व्यक्ति आय के मामले में पांचवें नंबर पर था। तब कर्नाटक, तेलंगाना, हरियाणा और तमिलनाडु उससे आगे थे। पिछले सर्वेक्षण में महाराष्ट्र के लोगों की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई थी। यह वित्तीय वर्ष 2021-2022 के मुकाबले 2,15,233 रुपए से बढ़कर 2,42,247 रुपए हो गई थी। इस बार के सर्वेक्षण में भी प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2,52,389 रुपए हुई, लेकिन महाराष्ट्र, गुजरात से पीछे हो गया है।

# तमिलनाडु विधानसभा ने नीट को रद्द करने का प्रस्ताव किया पारित, विपक्ष ने किया वॉकआउट



**चेन्नई (एजेंसी)।** सदन से विपक्ष के बहिर्गमन के बावजूद तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य से एनईईटी को खत्म करने और छात्रों को 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति देने का आग्रह किया। प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि सत्तारूढ़ द्रमुक राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित एनईईटी के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी, जो स्नातक परीक्षाओं और अन्य कार्यक्रमों के संचालन में कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है।

राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी सूर्या समेत कई नेताओं ने पत्र लिखकर नीट पर रोक लगाने की मांग की है। स्टालिन ने कहा कि मैं विधानसभा से आग्रह करता हूं कि हमें एनईईटी से छूट दिलाने और देश भर में एनईईटी को हटाने के लिए इस प्रस्ताव को एक अग्रदूत के रूप में पारित किया जाए। प्रस्ताव के अनुसार, एनईईटी ने ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की चिकित्सा की पढ़ाई की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया और स्कूली शिक्षा को बेकार कर दिया, और मेडिकल कॉलेजों में छात्रों के लिए सीटें आवंटित करने का अधिकार छीन लिया। स्टालिन ने कहा कि एनईईटी को हटाया जाना चाहिए। तमिलनाडु को छूट दी जानी चाहिए। केंद्र सरकार को विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी देनी चाहिए, जिसमें चिकित्सा की पढ़ाई के लिए 12वीं कक्षा के अंकों को आवश्यक योग्यता के रूप में अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, चूंकि कई राज्य परीक्षा प्रणाली का विरोध कर रहे हैं, जिसे कई विवादों का सामना करना पड़ा है, इसलिए एनईईटी को हटाने के लिए केंद्र द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम में आवश्यक संशोधन किए जाने चाहिए। भाजपा विधायक नैनार नागेंद्रन ने प्रस्ताव का विरोध किया और दावा किया कि यह कांग्रेस ही थी जो नीट लेकर आई थी। विपक्ष के विधानसभा से बाहर जाने से पहले नागेंद्रन ने कहा कि एनईईटी जरूरी है और इसलिए हम इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर सकते और हमने वॉकआउट करने का फैसला किया है।

## हद हो गई... जेल जाते वक्त मेकअप करती दिखी पवित्रा गौड़ा , पुलिस ने महिला सब इंस्पेक्टर को नोटिस जारी किया

बेंगलुरु । कर्नाटक पुलिस ने रेणुकास्वामी हत्याकांड की आरोपी और अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के मामले को लेकर महिला सब इंस्पेक्टर को नोटिस जारी कर दिया है । दरअसल कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन थुगुदीपा की सहयोगी और अभिनेत्री पवित्रा को पुलिस हिरासत में मेकअप करते हुए देखा गया । बता दें कि 15 जून को, पवित्रा को बेंगलुरु में अपराध स्थल की जानकारी दर्ज करने के लिए उनके बेंगलुरु स्थित आवास पर ले जाया गया । इस दौरान, पवित्रा को अपने घर से जेल जाते समय लिपस्टिक और मेकअप लगाए और मुस्कुराते हुए देखा गया था । इस हरकत के बाद पवित्रा गौड़ा का नाम फिर से चर्चा में आ गया और मामले में बहस छिड़ गई । डीसीपी (पश्चिम) के कार्यालय से एसआई को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है । पुलिस ने नोटिस में कहा है, उस दिन उन्होंने पवित्रा को मेकअप क्यों करने दिया गया । इस बीच, पवित्रा गौड़ा की मां और बेटी ने केंद्रीय जेल में मुलाकात की और इस दौरान वे रो पड़ीं । सूत्रों से पता चला कि दूसरी ओर, पुलिस अधिकारियों ने दर्शन के पास मौजूद दो अमेरिकी निर्मित पिस्तौल को जब्त करने का आदेश पारित किया है ।

# सुधांशु त्रिवेदी का विरोधियों पर तंज.... राम का अस्तित्व नकारने वाले आज सबूत दे रहे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारी सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करने का फैसला किया। नालंदा विश्वविद्यालय को लेकर राज्यसभा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि आप पुस्तकों को जला सकते हैं, इमारतों को जला सकते हैं, लेकिन भारत के ज्ञान और संस्कृति को नहीं जला सकते। उन्होंने कहा कि जब भारत की सांस्कृतिक चेतना की बात होती है, तब हमारे मन में भव्य राम मंदिर की बात भी आती है। इस बार अयोध्या सीट पर हमें वांछित सफलता नहीं मिली। इसके बाद विपक्ष के चेहरों पर चमक दिखाई पड़ती है। हमारे विरोधी बता रहे हैं कि आप अयोध्या हार गए, बस्ती हार गए, चित्रकूट हार गए, प्रयागराज हार गए, नासिक, रामटेक और रामेश्वरम हार गए।

जो लोग पहले कहते थे राम हुए थे, इसका सबूत दो, वे लोग आज उत्तर से लेकर दक्षिण तक राम से जुड़े सबूत दे रहे हैं। यूपी में 30 साल पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बसपा ने मिलकर सरकार बनाई थी। तब एक नारा लगा था, 'मिले मुलायम कांशीराम, हवा में उड़ गए जय श्री राम। हम तभी हवा में नहीं उड़े थे और कुछ समय बाद ही अपनी सरकार बनाकर दिखा दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लक्ष्य रखा था कि 2030 तक भारत की इंस्टॉल कैपेसिटी पावर जेनरेशन का 40 प्रतिशत तक ग्रीन एनर्जी से होगा। पहले हमेशा सरकारें देर से लक्ष्य हासिल करती थी, पहली बार भारत के इतिहास में यह लक्ष्य 8 साल पहले वर्ष 2022 में हासिल कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि लोगों के घर पर सोलर रूफटॉप लग रहे है। यह एक ऐसी योजना होगी, जिससे पर्यावरण पर किसी भी प्रकार का प्रभाव नहीं होगा। मुफ्त की ऊर्जा मिल रही है, वह भी सरकारी खजाने पर प्रभाव डाले बिना। हम हाइड्रोजन एनर्जी मिशन की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सत्ता पक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप जो बोल रहे हैं, कौन सुन रहा है आपका भाषण, हम नहीं सुन रहे।

# भविष्य में बीजेपी के साथ जाने का कोई औचित्य नहीं: दुष्यंत चौटाला

**-जेजेपी के साथ मिलकर कांग्रेस राज्यसभा में उतारे उम्मीदवार, हम देंगे साथ**



**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री और जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला बीजेपी के साथ हुए गठबंधन को लेकर खुलकर बोले उन्होंने कहा है कि जेजेपी को बीजेपी के साथ गठबंधन करके भारी नुकसान हुआ है। दुष्यंत ने कहा कि भविष्य में बीजेपी के साथ जाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता में बीजेपी के प्रति भारी रोष था, जिसका खमियाजा जेजेपी को उठाना पड़ा।

हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी मिलकर खेल रहे हैं। अगर कांग्रेस वाकई बीजेपी को टक्कर देना चाहती है तो सांझा सामाजिक राज्यसभा उम्मीदवार उतारे, हम साथ देने को तैयार हैं। कांग्रेस पहले ही मैदान छोड़ रही है, भूपेंद्र हुड्डा की ओर से नंबर न होने की बात कहना बीजेपी के साथ मैच फिक्सिंग जैसा दिखता है। कांग्रेस किसी भी सामाजिक व्यक्ति या किसी खिलाड़ी को राज्यसभा में भेजे, विपक्ष पूरी तरह से एकजुट होगा।

भविष्य की रणनीति पर दुष्यंत ने कहा कि 5 जुलाई से जेजेपी की ओर से जिलास्तर पर बैठकें की जाएंगी। सभी 22 जिलों में कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर विधानसभा चुनाव की तैयारी की जाएगी। जेजेपी प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। लोकसभा में चुनाव का नारा मोदी हराओ या मोदी जिताओ था, लेकिन विधानसभा में परिणाम इसके उलट होंगे। हरियाणा में लगातार बढ़ रही आपरा के मुद्दे पर नायब सैनी सरकार को घेरते हुए दुष्यंत ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में हत्या, लूट जैसी अनेक आपराधिक घटनाएं हुईं, जो 20 साल में एक सप्ताह में कभी नहीं हुई। सीएम नायब सैनी को गृह विभाग छोड़कर किसी अन्य मंत्री को देना चाहिए।

वहीं, राज्यसभा चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीरवार उतारे जाने को लेकर दुष्यंत के बयान पर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इस चुनाव को लेकर कांग्रेस का स्टैंड साफ है। वे 14 विधायक एकत्र करके दें, कांग्रेस के सभी विधायक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देकर राज्यसभा पहुंचाएंगे। हुड्डा ने दुष्यंत का नाम लिए बिना कहा कि चाहें तो वह अपने प्रत्याशी उतार दें, लेकिन बीजेपी के खिलाफ अगर उनकी नियत है तो 14 विधायक एकजुट करें। अलग-अलग बयानों के बजाय विधायकों को एकजुट करने में अपनी ऊर्जा लगाएं ताकि बीजेपी को हरा सकें।

# यूपी सरकार ने किया मेडिकल सीट लीविंग बॉन्ड पॉलिसी को खत्म

**-अगले साल फिर से दाखिला लेने पर रोक रहेगी बरकरार**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर रहे हैं या करने जाने वालों के लिए एक अच्छी खबर आई है। अब योगी सरकार ने उत्तरप्रदेश में मेडिकल सीट लीविंग बॉन्ड पॉलिसी को खत्म करने का फैसला लिया है। ये एमबीबीएस, बीडीएस या पीजी मेडिकल कोर्स करने वालों के लिए किसी बड़े बदलाव से कम नहीं, जिसका इंतजार वह सालों से करते थे।

अगर आप मेडिकल की सीट छोड़ते, यानी किसी भी कारण से पढ़ाई बीच में छोड़ते हैं तो आपको उस कॉलेज को एक मोटी रकम जुर्माने के तौर पर देनी पड़ती थी जहां से आप पढ़ाई कर रहे होते थे। एमबीबीएस, बीडीएस के लिए यूपी सरकार मेडिकल कॉलेजों में एक लाख रुपए और निजी मेडिकल कॉलेजों में पूरी फीस देनी पड़ती थी। जबकि पीजी की सीट छोड़ने पर पांच लाख रुपए का जुर्माना देना होता था।

अब यूपी की योगी सरकार ने मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्रों पर लगाया जाने वाला जुर्माना हटा दिया है लेकिन, अगले साल फिर से दाखिला लेने पर रोक बरकरार रहेगी। हालांकि, इस बड़े फैसले के साथ ही मेडिकल सीट लिविंग बॉन्ड भरवाने का नियम खत्म करने वाला यूपी दूसरा राज्य बन गया है। इससे पहले मध्यप्रदेश ऐसा फैसला कर चुका है।

मेडिकल एजुकेशन महानिदेशक, किंजल सिंह ने बताया कि एमबीबीएस कोर्स छोड़ने वाले छात्र पहले से ही बहुत दबाव में होते हैं क्योंकि वे एक सुनहरा करियर छोड़ रहे होते हैं। वे ऐसा अंतिम विकल्प के रूप में करते हैं और उनके पास वाजिब कारण होते हैं, जिनमें आर्थिक कारण भी शामिल हैं। ऐसी स्थिति में, सरकार ने सोचा कि उनसे जुर्माने के रूप में पैसे लेना सही फैसला नहीं है। इसलिए जुर्माने के वित्तीय हिस्से को खत्म कर दिया है। किंजल ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के साथ बातचीत के आधार पर एक प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने कहा कि जुर्माने का दूसरा हिस्सा वही रहेगा जहां एक उम्मीदवार को अगले साल नीट एग्जाम और काउंसलिंग में भाग लेने से रोक दिया जाएगा।

सिंह ने कहा कि हम यूपी में एमबीबीएस सीट्स और कॉलेजों की संख्या बढ़ा रहे हैं। हमारा ध्यान ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवारों को डॉक्टर बनने में मदद करना है। इसलिए, छात्रों के हित में सीट छोड़ने के बॉन्ड में उल्लिखित वित्तीय दंड को खत्म करने का निर्णय लिया गया है लेकिन यहां पैसा महत्वपूर्ण नहीं है ऐसे में, हमें उम्मीदवार के साथ सहानुभूति रखने की जरूरत है, इस फैसले को ध्यान में रखते हुए कि वे अपना पूरा करियर दांव पर लगा रहे हैं। यूपी में वर्तमान में 60 से ज्यादा मेडिकल कॉलेजों में 9278 एमबीबीएस और 2070 बीडीएस सीटें हैं। एक दर्जन से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेजों के 2024 नीट काउंसलिंग में शामिल होने की उम्मीद है। यूपी में एमबीबीएस सीटों की संख्या 10,000 से ज्यादा होने की उम्मीद है।



# दो साल में रोहित-द्रविड़ ने ऐसे पलटी बाजी

**गयाना (एजेंसी)।** भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ 68 रनों से सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने अपनी पिछली हार का बदला भी ले लिया। अब भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से शनिवार को होगा। रोहित शर्मा की सेना इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत के साथ खिताब खिताब के सूखे को खत्म करना चाहेगी।

भारत ने लिया इंग्लैंड से बदला

बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इंग्लैंड को 68 रन से हराकर टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में टीम इंडिया का सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट के 2007 के शुरूआती चरण की चैम्पियन भारतीय टीम इस तरह तीसरे टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंची। भारत ने इस जीत से 2022 में इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में मिली 10 विकेट की हार का बदला भी चुकता किया।

**रोहित शर्मा की कप्तानी –** भारतीय टीम के फाइनल में पहुंचने का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है। उनके सभी फैसले कारगर साबित हुए हैं। टीम इंडिया के खिलाड़ियों को बैक करना और उन्हें अगले मैच के लिए प्रोत्साहित करना कप्तान का सबसे सराहनीय कार्य रहा है। दिलचस्प बात यह है कि रोहित की कप्तानी में भारत ने सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं का फाइनल खेला है। इनमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023, वनडे विश्व कप 2023 और टी20 विश्व कप 2024 शामिल है।

**बड़े मुकाबलों से पहले रोहित शर्मा का आक्रामक प्रदर्शन –** मौजूदा टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में रोहित शर्मा भारत को अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाए थे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर-8 मैच में उन्होंने विराट कोहली के आउट होने के बाद मोर्चा संभाला और 92 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उनके दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत सेमीफाइनल में पहुंचा। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ भी रोहित का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने 39 गेंदों में 57 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 146.15 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और दो छक्के लगाए। रोहित का यह प्रयास भारत के लिए मास्टरकार्ड साबित हुआ।

**रोहित-द्रविड़ की जोड़ी साबित हुई कारगर –** रोहित शर्मा की कप्तानी और राहुल द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। एडिलेड में खेले गए इस मुकाबले में भारत को करारी 10 विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारतीय टीम को आईसीसी के कई टूर्नामेंट्स में भाग लेते देखा गया। रोहित-द्रविड़ के नेतृत्व में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल तक का सफर तय किया है। उम्मीद है कि इस बार दोनों भारत को खिताब दिलाने में कामयाब होंगे।

**भारतीय टीम का एकजुट होकर खेलना –** मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों का एकजुट होकर खेलना टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ा गेम चेंजर साबित हुआ है। प्लेइंग 11 का हर खिलाड़ी महत्वपूर्ण योगदान देता नजर आ रहा है फिर चाहें टॉप ऑर्डर हो या मिडिल ऑर्डर। वहीं, निचले क्रम के खिलाड़ी भी भारत को जीत दिलाने में अहम योगदान दे रहे हैं।

## टीम इंडिया की इंग्लैंड पर बड़ी जीत के 10 कारण



### हार्दिक पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन

भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाने में हार्दिक पांड्या का अहम योगदान रहा है। उन्होंने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का वह सबसे अहम हिस्सा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 22 ओवर गेंदबाजी की और आठ विकेट हासिल किए। वहीं, उनका इकोनॉमी रेट 7.77 का रहा। इसके अलावा बल्ले से भी उन्होंने धमाल मचाया। सात मैचों में पांड्या ने एक अर्धशतक की मदद से 139 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में पांड्या ने 13 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 23 रनों की आक्रामक पारी खेली।

- **पंत की दमदार वापसी –** टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इसी साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। पहले उन्होंने आईपीएल में अपने बल्ले से धमाल मचाया और अब वह टी20 विश्व कप 2024 में विस्फोटक बल्लेबाजी करते नजर आ रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक 171 रन बनाए हैं। स्टार खिलाड़ी भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उम्मीद है कि आगामी मैच में भी पंत का बल्ला जमकर गरजेगा। इसके अलावा उनकी विकेटकीपिंग ने सभी को प्रभावित किया है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में पंत ने बटलर और मोईन अली को अपनी घातक विकेटकीपिंग के दम पर आउट किया।
- **सूर्यकुमार यादव का विस्फोटक प्रदर्शन –** भारतीय टीम के फाइनल में पहुंचने का एक कारण मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन भी है। सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी ने टीम इंडिया को खासा मजबूती दी है। उनका आक्रामक रवैया विरोधी गेंदबाजों के लिए मुसीबत और भारत के लिए वरदान साबित हुआ है। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने सात मैचों में 137.06 के स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए हैं।

### कुलदीप और अक्षर की घातक गेंदबाजी

भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में स्पिनर्स का अहम योगदान रहा। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने वेस्टइंडीज की पिचों पर खासा प्रभाव छोड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए और भारत को उसकी पिछली हार का बदला लेने में मदद की। कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद दोनों की तारीफ करते हुए उन्हें गन स्पिनर्स (जिनके खिलाफ कोई भी रन बनाने से बचता है) करार दिया।

### बुमराह की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण का घातक प्रदर्शन

पिछले टी20 विश्व कप में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी खली थी। वह पीठ में चोट की वजह से टीम इंडिया का हिस्सा नहीं बन पाए थे। हालांकि, मौजूदा टूर्नामेंट में उनकी मौजूदगी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुमराह की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण विरोधियों पर कहर बरपाने में कामयाब हुई है। टी20 विश्व कप 2024 में अर्शदीप सिंह ने भारत के लिए सर्वाधिक 15 विकेट हासिल किए हैं। वहीं, बुमराह को 13 सफलताएं मिली हैं।

### इन चार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी

पिछले सेमीफाइनल मैच के मुकाबले भारत की प्लेइंग 11 काफी बदली नजर आई। चार खिलाड़ी इस बार टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। इनमें केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी शामिल हैं। चारों ही खिलाड़ी टी20 विश्व कप 2022 में भारत की इंग्लैंड के खिलाफ हार का सबसे बड़ा कारण रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना लक्ष्य : मीराबाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, 'पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं। मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा, 'मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे।% उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी।

सुपरबेट चैस क्लासिक शतरंज

### गुकेश ने जीत से खोला खाता



**बुखारेस्ट, रोमानिया (एजेंसी)।** ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट चैस क्लासिक के पहले राउंड में भारत के डी गुकेश नें शानदार जीत के साथ अपना खाता खोल लिया है, गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के बोगदान डेनियल को मात दी। फीडे कैंडिडैट के विजेता बनने के बाद गुकेश का यह पहला क्लासिकल मुक़ाबला था। वहीं एक और जीत मिली यूएसए के फबियानों करूआना को उन्होने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें उज़्बेकिसतान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से, रूस के यान नेपोमनिशी नें फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नें नीदरलैंड के अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। अगले राउंड में गुकेश का मुक़ाबला नेपोमनिशी से और प्रज्ञानन्दा का सामना मकसीम वारचेर लागरेव से होगा। 26 जून से 5 जुलाई तक खेले जाने वाले इस 9 राउंड के राउंड रॉबिन क्लासिकल टूर्नामेंट की पुरुस्कार राशि कुल 350000 डॉलर है।

टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल 2024

## आज करिश्माई भारत के सामने दमदार दक्षिण अफ्रीका की चुनौती

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी (उस समय इसका नाम आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी था) में हुई थी। टीम 'चोकर्स' के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अपनी अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा।

गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। विश्व कप खिताब जीत चुके एक कप्तान ने गयाना से बारबडोस की उड़ान के दौरान विमान में कहा, 'मैं जानता हूं कि आईसीसी फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा।



### फाइनल में पहुंचकर कप्तान रोहित शर्मा की टीम को खास सलाह

कप्तान रोहित शर्मा ने दबाव में टीम इंडिया के शांत रहने की सराहना की है क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड को हराकर टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया है और अपनी टीम से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताबी मुकाबले में भी यही मानसिकता बनाए रखने का आग्रह किया है। भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के साथ टी20 विश्व कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत का लक्ष्य आईसीसी टूर्नामेंटों में अपने हाल के सूखे को खत्म करना और 2007 में दक्षिण अफ्रीका में जीती गई टी20 विश्व कप ट्रॉफी के अलावा दूसरा टी20 विश्व कप जीतना है। रोहित ने कहा, हम एक टीम के रूप में बहुत शांत रहे हैं। मुझे पता है कि हम इस अवसर को समझते हैं। यह एक बड़ा अवसर है। लेकिन हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम शांत रहें क्योंकि मुझे लगता है कि शांत और संयमित रहने से आपको अच्छे निर्णय लेने में मदद मिलती है। और यही वह चीज है जिसकी हमें आवश्यकता होगी।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत –** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह

**दक्षिण अफ्रीका–** क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, तबरेज शम्सी

**समय –** मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे होगा।

## सेमीफाइनल में भारत से हार पर बोले बटलर, इस प्लेयर को शामिल न करने का पछतावा



**प्रोविडेंस (गुयाना) (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ अपनी टीम की 68 रनों की हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि गुयाना में मेन इन ब्लू ने उन्हें मात दी। मैच के बाद बटलर ने कहा कि भारत सेमीफाइनल मैच में थ्री लायंस पर जीत का हकदार था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने हमें मात दी। वे जीत के पूरी तरह हकदार थे। इसलिए, हां मुझे लगा कि उनका स्कोर औसत से बेहतर था। मैं उन्हें उस पिच पर संभवतः 145 - 150 तक सीमित रखने की उम्मीद कर रहा था। वहां से पीछा करना हमेशा कठिन होने वाला था। उन्होंने कहा कि पहली पारी के पावरप्ले में गेंदबाजी करते समय अंग्रेज किस्मत के साथ नहीं खेले। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने पावर प्ले में थोड़ी किस्मत के बिना गेंदबाजी की, कुछ करीबी कॉल आए। लेकिन, हां मुझे लगता है कि पीछे देखने और सोचने का लाभ, मैं निश्चित रूप से मैच में मोइन (अली) को शामिल कर सकता था। इसलिए, हां यहां-वहां कुछ-कुछ हुआ। मैच की बात करें तो आखिरकार टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने क्रिकेट इतिहास की अपनी दो बड़ी हार का बदला ले ही लिया। वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया तो 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार को भारतीय दर्शक भूले नहीं थे।

## सब कुछ भारत के टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार था : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन

**ग्याना (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के हारने के बाद पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि जोस बटलर की अगुआई वाली टीम एक ऐसी टीम से हारी जिसने इस टूर्नामेंट में सभी आधार कवर किए थे। ग्रुप स्टेज अभियान में उतार-चढ़ाव के बाद जोस बटलर की टीम ने यूएसए को हराकर शानदार तरीके से अगले दौर में जगह बनाई। हालांकि वे भारत को मात नहीं दे सके। भारत अब शनिवार 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

हुसैन ने अपने कॉलम में लिखा, गुरुवार को सब कुछ भारत के टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार था - सतह, स्थल, सब कुछ उनके पक्ष में लग रहा था। लेकिन अगर आप चीजों को और विस्तार से देखें, तो वे इंग्लैंड के खिलाफ इस सेमीफाइनल में सेंट लूसिया में उछाल वाली, अच्छी पिच पर 50 ओवरों के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद आए थे और फिर कम, धीमी पिच पर वापस आकर आराम से जीत गए।



उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने खेला, उसके लिए उन्हें बधाई और यह सही लगता है कि टूर्नामेंट में दो अजेय टीमें भारत और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को बारबाडोस में आमने-सामने होंगी।

हुसैन ने अपने कॉलम में लिखा, गेंद को नीचे रखने वाले तेज गेंदबाजों और बिना उछाल के उसे घुमाने वाले स्पिनरों के संयोजन ने 171/7 के स्कोर को बचाव के लिए काफी अच्छा स्कोर बना दिया और रोहित शर्मा ने अपने पसंदीदा शॉट - पुल - को समीकरण से बाहर करके एक और अर्धशतक बनाकर अपनी क्लास दिखाई।

## इंग्लैंड दौरे के लिए विंडीज टीम घोषित, केमार रोच की जगह नए गेंदबाज की एंट्री

**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इंग्लैंड में 10 जुलाई, 2024 से लॉर्ड्स में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने की चोट से रोच के पुनर्वास के कारण केमर रोच की जगह सेंट किट्स एंड नेविस के तेज गेंदबाज जेरेमिया लुइस को लिया गया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि अंग्रेजी परिस्थितियों में केमर के कौशल और अनुभव को याद किया जाएगा। हालांकि जेरेमिया लुइस लंबे समय से यह अवसर लेना चाह रहे थे। उनके पास निश्चित रूप से इंग्लैंड में प्रभाव डालने का कौशल और अनुभव है। रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला, जिसका नाम वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचर्ड्स और इंग्लैंड के महान लॉर्ड इयान बॉथम के नाम पर रखा गया है, 1928 से चली आ रही एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है, जब वेस्टइंडीज ने पहली बार इंग्लैंड का दौरा किया था।

टीम टोनब्रिज स्कूल में एक प्रशिक्षण शिविर में है और 4 जुलाई से बेकेनहैम में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज इसाई थॉर्न टीम में शामिल होंगे।

## इंग्लैंड को सेफा में हरा रोने लगे रोहित, विराट ने संभाला

**ग्याना (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया और इसी के साथ ही टीम इंडिया का एडिलेड में 10 विकेट से हार का बदला भी चुकता हो गया। इस जीत के बाद रोहित शर्मा रोते हुए नजर आए जिसके बाद विराट कोहली ने उन्हें सांत्वना दी।

भारत ने एकतरफा मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर सात महीने में अपने दूसरे विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रोहित ने धैर्य बनाए रखा। भारत ने 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 103 रनों पर ढेर कर दिया और हाथ मिलाने और एक-दूसरे से बातचीत करने के बाद रोहित चुपचाप ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठ गए और अपने विचारों में खो गए। रोहित के साथी विराट कोहली ने अपने कप्तान के चहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रोहित उस कुर्सी पर बैठ गए, उनका ध्यान पहले से ही शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल पर था।



पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कमेंट्री में भारतीय कप्तान के मूड को पूरी तरह से व्यक्त करते हुए कहा, आप रोहित शर्मा के चेहरे पर राहत देख सकते हैं। उस कुर्सी पर बैठे हुए। वह क्या सोच रहे होंगे? मैं आपको बताता हूं... वह पहले से ही ब्रिजटाउन की ओर देख रहे हैं। शनिवार को क्या होने वाला है... फाइनल?

पिछले साल रोहित ने भारत को तीन आईसीसी इवेंट के फाइनल में पहुंचाया है - जून 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, नवंबर में 50 ओवरों का विश्व कप और अब यह। हां, सभी ने सात महीने पहले कहा था कि यह भारत के लिए विश्व कप जीतने का सबसे अच्छा मौका है, लेकिन अब से 36 घंटे बाद जो होने वाला है, उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यह उचित ही है कि टूर्नामेंट में दो अजेय टीमें टी20 विश्व कप फाइनल खेलें। लेकिन भारत के लिए, एक दशक लंबे इंतजार को खत्म करने का इससे बेहतर मौका और नहीं हो सकता।

# मुख्यमंत्री से रेसलर विकास कच्छप करलयं मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से झारखंड मंत्रालय में अंडर-17 सब जूनियर एसियन कुस्ती चैंपियनसिप में कांस्य पदक बिजेता रेसलर विकास कच्छप 28 जून के मुलाकात करलयं। ई अवसर में मुख्यमंत्री राइज कर उभरत रेसलर विकास कच्छप के उनकर इ उपलब्धि ले आपन दन से बधाई आउर उज्ज्वल भविस कर सुभकामना देलयं। मौका में मुख्यमंत्री के रेसलर विकास कच्छप जोर्डन में आयोजित होवल अंडर-17 सब जूनियर एसियन कुस्ती चैंपियनसिप प्रतिजोगिता में भाग लेवेक से लेइ के कांस्य पदक जीतेक तक कर यात्रा आउर अनुभव से अवगत करालयं। ई अवसर में मुख्यमंत्री उनकर से कहलयं कि आपने आगे भी एहे लखे मेहनत करते रहु आउर देस-दुनिया में राइज कर नाव रोसन करते रहू। आपने जइसन खेलाड़ीमन उपरे राइजवासीमन के गर्ब हय।

मालूम होवी कि रेसलर विकास कच्छप झारखंड राइज खेल प्रोत्साहन सोसाइटी में रइह के परसिछन लेवत हयं। रेसलर विकास कच्छप राइज कर पहिल खेलाड़ी बनलयं, जे अंतरराष्ट्रीय अस्तर में आयोजित अंडर-17 कुस्ती प्रतिजोगिता में पदक जीइत हयं। ई अवसर में मांडर बिधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, रेसलर विकास कच्छप कर मायं श्रीमती सुखमनी तिर्की संगे उनकर अन्य परिजन आवाल रहयं।



राज्य कर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आउर पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कर बीच आइज मुलाकात होलक।

# छेत्रीय कार्जकर्ता कर बहाली परकिरिया होलक सुरु




**रांची।** झारखंड करमचारी चयन आयोग स्वास्थ्य बिभाग कर 510 गो छेत्रीय कार्जकर्ता के बहाल करेक कर उदेस से आइज नोटिफिकेसन जारी कइर देलक। झारखंड छेत्रीय कार्जकर्ता परतिजोगिता परीछा 2024 कर माध्यम से ई परकिरिया सुरू कइर देल जाए हे। जेकर में अनारछित 230 गो पद, अनुसूचित जनजाति कर खातिर 133 गो पद, अनुसूचित जाति ले 44 गो, अत्यंत पिछड़ा बर्ग कर 45 गो, पिछड़ा बर्ग कर 7 गो आउर आरथिक रूप से कमजोर बर्ग ले 51 गो पद कर बहाली होवी।

मैटरिक पास अभ्यरथीमन ई परीछा खातिर ऑनलाइन आवेदन कइर सकीला। ऑनलाइन आवेदन कर परकिरिया 1 से 31 अगस्त तक होवी। परीछा सुल्क 100 रुपिया राखल जाए हे। अनुसूचित जनजाति आउर अनुसूचित जाति कर अभ्यर्थीमन खातिर परीछा सुल्क 50 रुपया आहे। ई परीछा में सामिल होवेक खातिर न्यूनतम उमर सीमा 18 बछर आउर अधिकतम उमर सीमा 35 बछर आहे। अनुसूचित जनजाति आउर अनुसूचित जाति कर अधिकतम उमर सीमा 40 बछर, अत्यंत पिछड़ा बर्ग आउर पिछड़ा बर्ग कर 37 बछर, महिलामन कर खातिर अधिकतम उमर सीमा 38 बछर तय करल जाए हे। अधिकतम उमर सीमा कर गिनती 1 अगस्त 2024 से होवी। बिसेस जानकारी जेएसएससी कर बेबसाइट देखेक होवी।

# बालू उठाव करेक वालामन कर खिलाफ सख्त कार्रवाई कर निरदेस



- दुमका में होलक खनन टास्क फोर्स कर बैठकी

**दुमका।** दुमका जिला खनन टास्क फोर्स कर बैठकी आइज उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे कर अध्यछता में समाहरनालय सभागार में सुकरवार के होलक। बैठकी में उपायुक्त कहलयं कि एनजीटी कर गाइडलाइन कर अनुपालन सुनिश्चित करेक आउर रोक कर बावजूद बालू उठाव करेक वाला कर खिलाफ सख्त कार्रवाई करेक कर निरदेस देलयं।

उपायुक्त कहलयं कि बिहार आउर पश्चिम बंगाल कर सीमा से सटल छेतरमन में थाना प्रभारी बिसेस नजइर राखयं।

केऊ भी परिस्थिति में बालू कर उठाव आउर परिवहन नई होवे ई, सुनिश्चित करयं। उपायुक्त ई संबंध में जिला कर सउब अंचल अधिकारीमन के ई संबंध में जरुरी निरदेस देलयं। बैठकी में ऊ अबैध कोयला उत्खनन आउर परिवहन उपरे भी रोक कर सख्ती से पालन करेक कर ऊ निरदेस देलयं।

# किशोर कुमार फैंस क्लब आरडी बर्मन के करलयं याइद

**रांची।** किशोर कुमार फैंस क्लब संगीतकार दिवंगत आरडी बर्मन कर जन्मदिन कर उपलछ में लालपुर सिटी पैलेस में बिरसपतिवार के संगीतमय सांझ कर आयोजन करलक। इकर में रांची कर कई संगीतकारमन भाग लेलयं।

कार्जक्रम में केक काइट के आउर दिया जलाय के दिवंगत आरडी बर्मन के याइद करल गेलक। कार्जक्रम में सौरभ राय, मिस्टू गुहा, सुहरिद सरकार, सौमेन मुखर्जी, अजय गुप्ता, दीपक टाटिया संगे महिलामन में पूनम वाला, सपना चटर्जी, सुशीला लकड़ा, नंदना राय गीत गाए के उनके सरधांजलि देलयं। कार्जक्रम कर मुध गोतिया झारखंड उच्च न्यायालय कर अधिवक्ता पीके लाला, समाजसेवी आनंद जालान आउर विजय राजगढ़िया रहयं। मंच संचालन क्लब कर अध्यछ शुभाशीष चटर्जी करलयं।






# स्वामी सहजानंद ब्रिजफोर्ड इस्कूल में होलक कबड्डी प्रतिजोगिता

**रांची।** झारखंड कर राजधानी रांची कर धुर्वा इस्थित स्वामी सहजानंद ब्रिजफोर्ड इस्कूल में कबड्डी प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक। इकर में कछा नवम आउर दसम कर छात्रमन उत्साह कर संगे भाग लेलयं।

प्रतिजोगिता में दसवीं कर छात्र बिजयी होलयं। सिछकमन कहलयं कि कबड्डी एक गो रछात्मक खेल आहे, जेकर प्राचीन इतिहास में बिबरन मिलेला। छउवामन के ई खेल से परिचित करुवायेक ले ई प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक। सउब कछा कर छउवामन दरसक कर रूप में आउर ताली कर गूंज से खेलाड़ी मनकर उत्साह बढ़ालयं।बिद्यालय कर प्राचार्य सउब खेलाड़ीमन कर प्रसंसा करलयं। कहलयं कि छउवामन कर सर्वांगीन बिकास ले सिछा कर संगे खेल भी जरूरी आहे। खेल उनकर जीवन में महतपूर्न ठांव राखेला।

# बड़ स्क्रीन में टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल कर लेवे पारबयं मजा

- सहरवासीमन ले नगर निगम कर बेवस्था



**पलामू।** टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2024 कर फाइनल मैच 29 जून कर सांझ 8 बजे से भारत आउर साउथ अफ्रीका कर बीच खेलल जाई। ई मैच कर मजा मेदिनीनगर कर सहरवासी बड़ स्क्रीन में उठाय पारबयं। इकर ले मेदिनीनगर नगर निगम आउर जिला परसासन न्यू टाउन हॉल में बेवस्था कइर हे। सउब क्रिकेट फैंस ई मैच के देखेक ले आय सकयंना। पहिले आऊ-पहिले पाऊ कर आधार में 250 गो पास कर बितरन भी करल जाई। हुवें, 100 रुपया कर सुल्क में कॉम्प्लिमेंट्री ड्रिंक्स भी उपलब्ध रही। ई बारे बेसी जानकारी अनुप से मोबाइल संख्या 8789250979 आउर प्रदीप से मोबाइल संख्या 9570073050 में संपर्क कइर सकीला।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा रक्तदान सिबिर लगालक

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा रक्तदान पखवाड़ा कर तहत रक्तदान सिबिर कर आयोजन करलक। ई रक्तदान सिबिर सर्कुलर रोड इस्थित एच स्क्वायर बिल्डिंग में आयोजित करल गेलक।

इकर में एच स्क्वायर कर ऑनर सहयोग करलयं। सदर अस्पताल कर सौजन्य से सिबिर लागलक। रक्तदान प्रभारी रोज़ी खंडेलवाल रक्तदातामन के रक्तदान करेक ले प्रेरित करलयं। कहलयं कि केखु भी जीवन देवेक ले आउर अपने के तरोताज़ा आउर स्वास्थ्य राखेक ले रक्तदान करु। सचिव शुभा अग्रवाल बतालयं कि सउब रक्तदातामन के सर्टिफिकेट देल गेलक। सउब के जूस देल गेलक।

मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल बतालयं कि सिबिर में 22 यूनिट ब्लड जमा करल गेलक। समर्पण शाखा कर कोसिस रही कि आवेक वाला समय में बेसी से बेसी रक्तदान सिबिर लगाल जाए। साखा अध्यछ विनीता सिंघानिया सौरभ टेकरीवाल आउर संजीव बजाज कर आभार प्रकट करलयं। पुस्पगुच्छ देइ के उनकर सम्मान करलयं। कार्जक्रम के सफल बनायेक में अध्यछ विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कोसाध्यछ दीपिका टेकरीवाल, रक्तदान प्रभारी रोज़ी खंडेलवाल, दीपिका मोतिका, कोमल पोद्दार, स्मिता अग्रवाल, पायल जैन, कविता जालान कर सहयोग रहे।



मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com